स्पीड न्यूज

# राजकमल, प्रकाशन संस्थान, वाणी प्रकाशन और गीता प्रेस के स्टॉल पर एक से बढ़ कर एक पुस्तकें

## भाजपा ने पंचायत समिति के सदस्यों को दिया प्रशिक्षण



**जमशेदपुर।** बुधवार को भाजपा झारखंड प्रदेश के द्वारा साकची के अग्रसेन भवन में जमशेदपुर लोकसभ के पंचायत समिति सदस्यों के प्रशिक्षण वर्ग कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला के उद्घाटन समारोह में भाजपा झारखंड के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिनेशानंद गोस्वामी, भाजपा व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीरज सिंह, प्रदेश के कार्यसमिति सदस्य नंदजी प्रसाद जी और किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष श्री मुचीराम बावरी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस कार्यक्रम में मंच संचालन नीरज सिंह ने किया और कार्यशाला में विषय प्रवेश नंदजी प्रसाद ने करवाया। सभी सत्र में आए हुए अतिथियों का स्वागत शॉल, भगवत गीता और पुष्प गुच्छ देकर किया गया। इस कार्यशाला के पहले सत्र को दिनेशानंद गोस्वामी ने संबोधित किया। गोस्वामी ने पार्टी के इतिहास पार्टी की विचारधारा और जनभतिदारिता के विषय में लोगों के संबोधित किया। दूसरे सत्र को पूर्व विधायक कुणाल सारंगी ने संबोधित किया। सारंगी ने कुशल जनप्रतिनिधि, कार्यालय व्यवस्था, जनसंपर्क प्रवास एवं सोशल मीडिया के विषय में आए हुए पंचायत सदस्यों को जानकारी दी। तीसरे सत्र को जमशेदपुर के सांसद विद्युत बरन महतो ने संबोधित किया। सांसद ने लोगों को केंद्र और भाजपा शासित राज्यों में चल रहे गरीब और जरूरतमंद लोगों के कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। इस कार्यशाला के अंतिम सत्र को भाजपा झारखंड प्रदेश के महामंत्री प्रदीप वर्मा ने संबोधित किया। वर्मा ने पार्टी के इतिहास, विचारधारा समेत कई सफल अनुभव लोगों के बीच साझा किया। इस कार्यालय का समापन भाजपा के किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष मुचीराम बावरी ने ध्यानवाद ज्ञापन देकर किया। राष्ट्रीगण के पश्चात इस कार्यशाला के समापन की घोषणा की गई। इस कार्यक्रम में भाजपा जमशेदपुर महानगर के अध्यक्ष गुंजन यादव, जिला परिषद की अध्यक्षा बारी मुर्मू, उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, कुसुम पूर्ति समेत पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एसएसपी ने टीम के साथ की पैदल गश्त



**जमशेदपुर।** वरीय पुलिस अधीक्षक, पूर्वी सिंहभूम किशोर कौशल द्वारा एसपी मुकेश लुणावत एवं सहायक पुलिस अधीक्षक के साथ नशाखोरी, अड्डाबाजी, छेड़खानी, सड़क पर अवैध रूप से पार्किंग तथा अन्य अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने एवं पुलिस तथा आम जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से जुगसलाई तथा शहर के विभिन्न थाना क्षेत्र अन्तर्गत चिन्हित किये गये स्थानों पर पैदल गश्ती किया गया।

## गम्हरिया : कपड़ा दुकान की छत पर लगी आग

**जमशेदपुर।** गम्हरिया लाल बिल्डिंग चौराहे पर मौजूद एक कपड़ा दुकान की छत पर आग लग गई। जानकारी देते हुए दुकान के संचालक ने बताया कि कुछ देर पहले दुकान के बगल से एक बारात पार हुई थी। जिसके द्वारा कई पटाखे जलाए जा रहे थे शायद पटाखे की चिंगारी दुकान के छत पर रखे कपड़ों के ढेर में चली गई। जिससे छत पर रखे कपड़े एवं कुछ अन्य चीजों में से धुंआ आने लगा जब उन्होंने सीसीटीवी में देखा तो वह तुरंत हरकत में आए और दुकान की बिजली काट दी एवं मौजूद स्टाफ एवं स्वयं के द्वारा पानी डालकर आग की लपटों को बुझाया है फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है, लेकिन लाल बिल्डिंग चौराहे के मुख्य मार्ग में आग लगने की यह घटना पहली नहीं है इसके पूर्व भी जगन्नाथपुर जाने वाले रास्ते में मौजूद दुकानों में आग लग चुकी है हालांकि अभी तक प्रशासन से कोई भी व्यक्ति मौके पर नहीं पहुंचा है।

## 37वां जमशेदपुर पुस्तक मेला 3 जनवरी तक चलेगा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टैगोर सोसायटी, साकची कैंपस में चल रहे 37वें जमशेदपुर पुस्तक मेला का आज छठवां दिन था। मेले का समापन 3 जनवरी को होना है। ऐसे में पुस्तक प्रेमियों को मेले में परिवार संग आने की जरुरत है क्योंकि यहां हर उम्र के लोगों के लिए शैक्षणिक, साहित्यिक, विश्व साहित्य, झारखंडी साहित्य, अध्यात्मिक साहित्य एवं विज्ञान की पुस्तकों का बड़ा रेंज उपलब्ध है। मेले में हिंदी के साहित्य प्रेमियों और पाठकों के लिए एक से बढ़कर एक पुस्तक हर विधा की मौजूद हैं। हिंदी पुस्तक प्रेमियों के पसंदीदा राजकमल प्रकाशन के अलावा वाणी प्रकाशन के साथ-साथ गीता प्रेस के स्टॉल पर पसंद की पुस्तकें खरीद सकते हैं। राजकमल प्रकाशन के स्टॉल पर पीयूष मिश्रा लिखित तुम्हारी औकात क्या है? काफी हिट है।

## स्टॉल पर शैलेंद्र महतो और हरिवंश-फैसल अनुराग की पुस्तकों को बेहतर रिस्पांस



जमशेदपुर पुस्तक मेला 2023 में प्रकाशन संस्थान के स्टॉल नंबर 27 पर अपनी पुस्तकों के संसार के साथ उपलब्ध है। प्रकाशन संस्थान के स्टाल पर आदिवासी साहित्य कहानी उपन्यास संस्मरण काव्य ग्रंथ बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। इस स्टाल पर जमशेदपुर के पूर्व सांसद और लेखक शैलेंद्र महतो की नई पुस्तक झारखंड में विद्रोह का इतिहास पाठकों को काफी पसंद किया जा रहा है। 399 मूल्य की या पुस्तक की दो दर्जन प्रशन बिक चुकी हैं। इसके अलावा शैलेंद्र महतो की पुरानी पुस्तक झारखंड की समर गाथा 1200 रुपये में उपलब्ध है और यह पुस्तक भी आधे दर्जन दर्शकों ने खरीद लिया ह। इसके अलावा विनोद कुमार लिखित झारखंड के आदिवासियों का संक्षिप्त इतिहास और गुरु जी शिबू सेरेन के जीवन पर आधारित पुस्तक समर शेष है को भी यहां से खरीदा जा सकता है। प्रकाशन संस्थान के स्टॉल पर राज्यसभा के सभापति एवं देश के चर्चित संपादक हरिवंश और फैसल अनुराग लिखित पुस्तकों को भी यहां से खरीदा जा सकता है। झारखंड : सुशासन अब भी संभावना है, झारखंड अस्मिता के आधार, संथाल हुल विद्रोह आदिवासी प्रतिरोध संस्कृति जैसी पुस्तकों को यहां से खरीदा जा सकता है। प्रशासन संस्थान के स्टॉल से कुछ रोचक पुस्तकों पर भी नजर दौड़ी जा सकता है जिसमें स्वामी सहजानंद सरस्वती लिखित पुस्तक ब्रह्माशी वंश विस्तार राघव शरण शर्मा लिखित वृहद ब्राह्मण समाज जंगे आजादी में ब्राह्मण समाज जैसी पुस्तकें प्रमुख हैं। प्रकाशन संस्थान की नई पुस्तकों में इस स्टॉल पर आप दशाअवतार पुस्तक पर गौर फरमा सकते हैं। इसके लेखक प्रमोद भार्गव हैं। यह पुस्तक 400 रुपये मूल्य वाली। इस पुस्तक में भगवान विष्णु के 10 अवतार के बारे में विस्तार से जानकारी है। डॉ भगवती चरण मिश्रा लिखित हिमालय का योगी पुस्तक भी यहां बिक्री के लिए उपलब्ध है जबकि प्रभा कुमार लिखित राजा भरथरी उपन्यास का हिंदी संस्करण भी यहां उपलब्ध है जो मात्र 300 में आप खरीद सकते हैं। गजेंद्र नारायण सिंह के लिखित उपन्यास जोहरा पाठकों की पसंद बन रही है। यह उपन्यास 19वीं शताब्दी के उत्तरार्ध एवं 20वीं शताब्दी के पूर्वाद्ध संगीत की दुनिया में जबरदस्त पहचान रखने वाली जोहराबाई पटनावाली के जीवन पर आधारित है। अनीता आर्य लिखित उपन्यास पाखी पर भी पाठक यहां गौर फरमा रहे हैं। इसके अलावा पुराने साहित्यकारों में प्रेमचंद निराला आचार्य चतुर सेन और राहुल सांकृत्यायन के साहित्य के अलावा ऋषि साहित्यकारों की की हिंदी अनूदित कृतियों को भी यहां से खरीदा जा सकता है।

## वाणी प्रकाशन के स्टॉल पर कई नयी पुस्तकें



**जमशेदपुर** : पुस्तक मेला 2023 में वाणी प्रशासन के स्टॉल पर नई पुस्तकों के बारे में जानकारी देते हुए विक्रय प्रतिनिधि नितेश दुबे ने बताया कि अलका सरावगी लिखित पुस्तक गांधी और सरला देवी चौधराइन बिल्कुल ताजी पुस्तक है। इस पुस्तक को लोग काफी पसंद कर रहे हैं इसका पेपरबैक 325 रुपए में और हार्ड कॉपी 599 में उपलब्ध है। मृदुला गर्ग की नई पुस्तक वे नायाब औरतें एक संस्मरण है और आप वाणी प्रकासन का स्टाल पर इसे 499 रुपये पेपरबैक में और 795 सजिल्द खरीद सकते हैं। युवा लेखक अजीत प्रताप सिंह के उपन्यास अभियूत्थानम 695 में पेपरबैक और 899 में सजिल्द कॉपी में उपलब्ध है। इसके अलावा अनामिका की लिखित पुस्तक तिल धरि ओट, रामायण की सीता माता के चरित्र को नए आयाम देने वाली पुस्तक है। इस पुस्तक को आप पेपरबैक 399 में और सजिल्द कॉपी 595 में खरीद सकते हैं। आरएसएस के वरिष्ठ नेता मनमोहन वैद्य लिखित पुस्तक वी एंड द वर्ल्ड अराउंड भी वाणी प्रकाशन के स्टॉल पर उपलब्ध है। यहां पर आप गुनाहों का देवता और गण देवता जैसे कालजई उपन्यास खरीद सकते हैं इसके अलावा शिवाजी पर आधारित पुस्तकों पर भी गौर फरमा सकते हैं।

### गीता प्रेस : पहली बार मेले में आया सचित्र रामायण व दुर्गा सप्तशती

**जमशेदपुर** : पुस्तक मेला-2023 में गीता प्रेस के स्टॉल पर आपको 2 रुपये में हनुमान चालीसा मिल सकता है। आप इस स्टॉल पर रंगीन आर्ट पेपर पर सचित्र रामचरितमानस 1600 रुपए में खरीद सकते हैं जबकि सचित्र दुर्गा सप्तशती 450 रुपए में खरीदा जा सकता है। श्रीमद् भागवत गीता यहां 15 से लेकर 400 रुपये मूल्य पर खरीदा जा सकता है। इसके अलावा बच्चों के लिए आध्यात्मिक कहानियां की पुस्तक 15 से 20 रुपये में खरीदी जा सकती है जबकि नये वर्ष 2024 की गीता प्रेस की डायरी या 125 रुपए में खरीदा जा सकता है।

# उप राष्ट्रपति 10 को आयेंगे जमशेदपुर

## एक्सएलआरआइ के कार्यक्रम में शिरकत करेंगे जगदीप धनखड़

### उपायुक्त और एसएसपी ने लिया कार्यक्रम स्थल का जायजा



एक्सएलआरआइ कैंपस का सुरक्षा के दृष्टिकोण से अवलोकन करते डीसी मंजूनाथ भजन्त्री और एसएसपी किशोर कौशल।



उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की फाइल फोटो।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का 10 दिसंबर को पूर्वी सिंहभूम में एक्सएलआरआई स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेना प्रस्तावित है। इसकी तैयारी को लेकर जिला दण्डाधिकारी- सह- उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री व वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने वरीय पदाधिकारीयों एवं अधिकारियों की बैठक हुई।

उपायुक्त ने बिंदुवार की जाने वाली तैयारियों के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उप-राष्ट्रपति के एक दिवसीय कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री व वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने कार्यक्रम परिसर का जायजा लिया, मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम पीयूष सिन्हा, एएसपी सिटी सुमित अग्रवाल तथा अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम परिसर के निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त व वरीय पुलिस अधीक्षक के द्वारा कार्यक्रम की सम्पूर्ण रूपरेखा की समीक्षा की गई। इस क्रम में उन्होंने कार्यक्रम स्थल से आवागमन एवं निकासी, स्थल में सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था, परिसर में बैरिकेडिंग व पार्किंग व्यवस्था आदि की समीक्षा कर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए । उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर दण्डाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति, रूट चार्ट तथा वीआईपी मूवमेंट के दौरान यातायात व्यवस्था सुगम बना रहे इसको लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए।

सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था के संधारण में किसी भी प्रकार से कोई चूक नहीं हो इसे सुनिश्चित करेंगे। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम पीयूष सिन्हा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर राजीव रंजन, डीसीएलआर रविन्द्र गागराई, डीटीओ धनंजय और एक्सएलआरआई के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन ने अपने पूर्व अध्यक्ष को किया याद



**जमशेदपुर।** बुधवार को टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन में पूर्व मजदूर नेता स्वर्गीय माइकल जॉन जी की जयंती के अवसर पर उनके फोटो में पुष्प अर्पण की गई। उसके बाद उनके समाधि स्थल और घर पर भी जा कर माल्यर्पण किया गया। इसमें अध्यक्ष गुरमीत सिंह, महामंत्री आरके सिंह के साथ साथ सभी आफिस बेयरर और कमिटी मेंबर मौजूद थे।

## मुसाबनी में मरे हाथियों का मामला दिल्ली पहुंचा, होगी जांच



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** विधायक सरयू राय ने आज भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के राज्य मंत्री श्री अश्विनी चौबे से वार्ता के उपरांत अपर महानिदेशक वन्य जीव भारत सरकार विभाष रंजन से मिले और घाटशिला के उपर बांधा जंगल मे बिजली का करंट लगने से हुई 5 हाथियों की दर्दनाक मौत के साथ ही झारखंड राज्य में वनों एवं वन्य जीवों के संरक्षण, संवर्द्धन एवं परिवर्धन के विषय में गहन विमर्श किया और प्रासंगिक सूचनाएं साझा किया। जमशेदपुर पूर्व के विधायक सरयू राय ने बताया कि विभागीय मंत्री के देश से बाहर रहने के कारण उनसे वार्ता नहीं हो सकी। वन्यजीवों के अपर महानिदेशक से मैंने मांग किया कि विगत 10 वर्षों में हाथी परियोजना, व्याघ्र परियोजना और अन्य मदों में भारत सरकार से झारखंड सरकार के वन विभाग की मिली सहायता राशि के उपयोग की जांच कराएं। इसके लिए एक उच्चस्तरीय अध्ययन दल गठित करें जिसमें विशेषज्ञों को शामिल करें, परंतु इस अध्ययन दल में वन एवं पर्यावरण विभाग का कोई अधिकारी नहीं रहे। अपर निदेशक वन्य जीव, भारत सरकार ने मुझे आश्वस्त किया कि वे इस मुद्दे की जांच के लिए एक उच्चस्तरीय अध्ययन दल गठित करेंगे। विधायक ने दिल्ली से बताया कि उनका ध्यान बंगाल - झारखंड सीमा पर बंगाल सरकार द्वारा खाई खोदकर हाथियों के स्वाभाविक भ्रमण पथ को बाधित करने की ओर आकृष्ट किया और बताया कि यही रवैया झारखंड के विभिन्न ज़िला वन पदाधिकारी भी अपना रहे हैं और हाथियों को अपने क्षेत्र से दूसरे के क्षेत्रों की ओर खदेड़ने में लगे हैं। वन विभाग के अधिकारी हाथियों को उनके ही पयावास में परेशान करने में लगे हैं। इसपर उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों को दो राज्यों के बीच समन्वय बनाकर अथवा एक ही राज्य के भीतर विभिन्न क्षेत्राधिकारियों के बीच समन्वय बनाकर किया जा सकता है और इसके लिए राजनीतिक पहल की आवश्यकता है।

## भारत स्काउट एंड गाइड परिसर में सोपान संपन्न





खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के साक्ची स्थित जिला मुख्यालय भारत स्काउट एंड गाइड परिसर में पांच दिवसीय (25 नवंबर से 29 नवंबर तक) प्रथम एवं द्वितीय सोपान प्रशिक्षण का सफलतापूर्वक हुआ आयोजन। इस शिविर में जमशेदपुर के मुख्य छः विद्यालयों जिनमें डी ए वी बिस्टुपुर, कॉन्वेंट स्कूल, मोतीलाल पब्लिक स्कूल बिस्टुपुर, कान्वेंट जूनियर कॉलेज, डी बी एम एस इंग्लिश स्कूल कदमा, चिन्मया विद्यालय-बिस्टुपुर के कुल 160 स्काउट और गाइड के छात्र-छात्राओं ने भाग लेते हुए प्रथम और द्वितीय सोपान के शिविर के प्रशिक्षण प्राप्त किया। शिविर को सफलतापूर्वक संचालित करने में मुख्य प्रशिक्षक के रूप से एल ओ सी स्काउट नरेश कुमार और एल ओ सी गाइड ब्रह्मजीत कौर ने मुख्य भूमिका निभाई। पांच दिवसीय शिविर के समापन अवसर के पूर्व संध्या पर रंगारंग कैम्प फायर का आयोजन किया गया। जिसमें स्काउट और गाइड के बच्चों के द्वारा कई आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बतौर मुख्य अतिथि पोटका राजकीय उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक मिथिलेश कुमार ने शिरकत करते हुए प्रतिभागी छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। अपने संबोधन में वर्तमान समय में स्काउट गाइड के प्रशिक्षण की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं अनुशासन के लिए विद्यालयों में शिक्षा के साथ स्काउट गाइड के प्रशिक्षण की आवश्यकता है। कैंप के सफल संचालन के लिए एल ओ सी नरेश कुमार व ब्रह्मजीत कौर को स्काउट गाइड के बच्चों के कुशल प्रशिक्षण हेतु बधाई एवं शुभकामना दिया।

## जमशेदपुर हॉर्स राइडिंग स्कूल के कैडेटों ने पेंटा ग्रैंड 2023 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर हॉर्स राइडिंग स्कूल के कैडेटों ने 25 से 29 नवंबर तक गाजियाबाद में आयोजित एक अंतर-राज्य चैंपियनशिप द पेंटा ग्रैंड 2023 के दौरान 11 पदक जीतकर अकादमी का नाम रोशन किया है। इस इवेंट में कोच दुष्यन्त कुमार के साथ स्कूल के सात राइडर्स ने हिस्सा लिया।

कैडेटों ने छह स्वर्ण पदक के साथ चार रजत और एक कांस्य पदक हासिल किया। कैडेट कृषिव गुप्ता, अनुष्का और अक्षत ने दो-दो स्वर्ण पदक जीते, जबकि मोहम्मद अफजल और आर्यन ने एक-एक रजत पदक और सिद्धार्थ ने एक कांस्य पदक जीता।

इसके अलावा, दर्श ने शो जंपिंग और टॉप स्कोर स्पधाओं में 2 स्वर्ण पदक जीते।

## खबर एक नजर में

### टिनप्लेट यूनियन ने माइकल हॉन की कब्र पर अर्पित की पुष्पांजलि



**जमशेदपुर।** बुधवार को गोलमुरी टिनप्लेट वर्कर्स यूनियन के प्रांगण में पूर्व अध्यक्ष एवं दिवंगत राष्ट्रीय मजदूर नेता माइकल जॉन की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर यूनियन के सभी पदाधिकारी गण एवं कमेटी के सदस्य बेलडीह स्थित उनके कब्रिस्तान पर गए वहां पर फूल माला एवं मोमबत्ती जलाकर उनकी जयंती मनाई गई एवं श्रद्धांजलि अर्पित की गई । फिर उनके बिष्टुपुर स्थित आवास में जाकर के वहां भी उनकी तस्वीर पर माला अर्पण उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से गोलमुरी टिन प्लेट वर्कर्स यूनियन के महामंत्री मनोज कुमार सिंह, उपाध्यक्ष परविंदर सिंह सोहल, सतनाम सिंह, गौतम डे, मुन्ना खान,ए रमेश राव, वकील खान, साईं बाबू राजू, जगजीत सिंह, संजय कुमार,भूपेंद्र कुमार सिंह, राज कुमार सिंह, संग्राम किशोर दास, कलाम नबी खान, संजीव प्रसाद, जयशंकर सिंह, काशीनाथ राय, रणजीत सिंह, राकेश कुमार दिलबागी, बलदेव सिंह, इरावती लकड़ा, अमृत कुमार झा, सुजीत दास, निरंजन महापात्रा, फतेह चंद्र माझी, सुकेश कुमार मिश्रा, एम शेखर राव,गजराज सिंह, विनय कुमार साहू, कुंदन कुमार, नवल किशोर सिंह, नवजोत सिंह सोहल, अनिल कुमार, सूर्य भूषण शर्मा शामिल थे।

### जेनिथ फोर्ज के ठेका श्रमिकों ने कंपनी गेट पर की जमकर नारेबाजी



**गम्हरिया।** औद्योगिक क्षेत्र गम्हरिया स्थित जेनिथ फोर्ज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के यूनिट दो के ठेका श्रमिकों द्वारा बुधवार को बोनस भुगतान करने की मांग को लेकर कंपनी गेट पर जमकर नारेबाजी किया। इस दौरान ठेका श्रमिकों द्वारा कंपनी का उत्पादन कार्य भी बाधित रखा गया। बोनस भुगतान की मांग को लेकर प्रातः पांच बजे ही श्रमिकों का जुटना प्रारम्भ हो गया है। प्रथम पाली की ड्यूटी प्रातः छह बजे से शुरू होने से पहले सैकड़ों श्रमिक वहां एकत्रित हो गए थे। इस मौके पर श्रमिको ने बताया कि कंपनी में करीब 120 ठेका मजदूर कार्यरत हैं जिसमे काफी ऐसे श्रमिक हैं जो वर्षों से यहां काम करते हैं और कंपनी के उत्पादन कार्य मे प्रमुख भूमिका निभाते हैं। किंतु, प्रबंधन की ओर से दुगार्पूजा, दीपावली व छठ पर्व बीत जाने के वावजूद उन्हें बोनस का भुगतान नहीं किया गया है। इस बाबत कई बार प्रबंधन का ध्यान आकृष्ट कराया गया। किन्तु, उनके द्वारा टाल-मटोल की जा रही है। मजदूरों ने बताया कि कंपनी प्रबंधन द्वारा तानाशाही रवैया अपनाया जा रहा है। सुरक्षा के लिए सेफ्टी जूता, हेलमेट आदि की भी सुविधा उन्हें नहीं दी रही है। इससे आक्रोशित मजदूरों द्वारा कार्य बंद कर गेट जाम कर प्रदर्शन किया जा रहा है। इस दौरान काफी संख्या में मजदूर उपस्थित थे।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लाभुकों को दिया गया योजनाओं का लाभ



**चांडिल।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का रुचाप पंचायत में आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम का शुभारंभ ईचागढ के विधायक श्रीमती सविता महतो ने किया। इस सिविर में सरकार के द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई एवं योग्य लाभुकों को इसका लाभ दिया गया। इस सिविर में अबुआ आवास योजना का काफी लोगों ने फार्म भर कर जमा किया। इस दौरान चांडिल जिला परिषद सदस्य पिंकी लायेक प्रखंड विकास पदाधिकारी तालेश्वर रविदास, प्रखंड प्रभारी प्रमुख रामकृष्ण महतो, मुखिया शकुंतला देवी, पंचायत समिति सदस्य शीला रानी कुम्हार उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, आपूर्ति विभाग, वन विभाग, उर्जा विभाग, समाज कल्याण विभाग पुनर्वास विभाग, पशुपालन विभाग सहित कई अलग अलग विभाग के सिविर लगाए गए थे। रुचाप पंचायत में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में कुल 1345 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 362 आवेदनों का त्वरित निष्पादन किया गया। विधायक ने लोगों से सरकार के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं का लाभ लेने को कहा।

### इनर व्हील क्लब ने 5 नेत्रहीनों को दी केन स्टिक



जमशेदपुर। इनर व्हील क्लब ऑफ जमशेदपुर ईस्ट डिस्ट्रिक्ट 325 चार्टर 5854 ने अपने प्रोजेक्ट के 5 नेत्रहीन लोगों को सफेद केन स्टिक दान किये। यह आवश्यक उपकरण नेत्रहीन व्यक्तियों का मार्गदर्शक करने में तथा अपने दैनिक कार्य करने में मदद करती है जिस से उनके आत्म सम्मान बढ़ती है। क्लब की यह छोटी सी पहल उनकी जिंदिगी को बेहतर बनाकर उसमें चमक ला दी है। इस पूरे कार्यक्रम को अंजाम देने में हमारे क्लब की वरिष्ठ मेंबर डॉ मीना मुखर्जी का सबसे बड़ा हाथ रहा। उपस्थित सारे लोगों के बीच स्नैक्स पैकेट्स भी बांटे गए। मौके पर प्रेजिडेंट संपा उपाध्याय के साथ डॉ मीना, ऋतू प्रसाद तथा अन्य मेंबर्स भी मौजूद थी।

### हथियाडीह के ग्रामीणों ने दिया धरना, नहीं बनने दी जमना ऑटो की चारदीवारी

**गम्हरिया।** जियाडा द्वारा उद्योग स्थापित करने को लेकर जमना ऑटो को आवंटित जमीन पर दोबारा विवाद उत्पन्न करते हुए हथियाडीह के सैकड़ों महिला व पुरुषों ने बुधवार को दिनभर धरना दिया। इस दौरान उन्होंने कंपनी के कामगारों को जमीन की चहारदीवारी नहीं करने दी। हथियाडीह के ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए वहां सरायकेला एसडीएम पारुल सिंह द्वारा दंडाधिकारी और पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल की तैनाती की गई थी लेकिन इसके बावजूद ग्रामीणों ने निर्माण कार्य नहीं होने दी। गौरतलब है कि जमना ऑटो की चहारदीवारी निर्माण को लेकर बुधवार को पुलिस बल के साथ दंडाधिकारी के रूप में जियाडा के अधिकारी अश्विनी कुमार को प्रतिनियुक्त किया गया था जो दिनभर वहां डटे रहे। आदित्यपुर थाना प्रभारी राजन कुमार और गम्हरिया थाना प्रभारी आलोक दूबे भी दल बल के साथ तैनात रहे। विदित है कि जमना ऑटो को पिछले दो साल से आवंटित जमीन की चहारदीवारी करने नहीं दी जा रही है। हथियाडीह के लोग आवंटित जमीन के एक हिस्से में खेल के मैदान होने की बात कह रहे हैं। वैसे एक माह पूर्व इस विवाद को त्रिपक्षीय वार्ता कर सुलझा लिया गया था, लेकिन इस समझौते को गाँव के दूसरे पक्ष के लोग नहीं मान रहे हैं और दोबारा विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। ग्रामीणों के इस विरोध का समर्थन भाजपा और बिरसा सेना ने भी किया है।

### सबिता पारिख व नगिन पारिख की स्मृति में नेत्र शिविर 2 से





**जमशेदपुर।** प्रत्येक सप्ताह आयोजित होने वाले नेत्र शिविरों की कड़ी में इस सप्ताह रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम अपने सहयोगी संस्थाओं के साथ 700वां नेत्र शिविर का आयोजन शहर के जाने माने समाजसेवी पारिख परिवार के स्व. सविता देवी- नगिन भाई पारिख के स्मृति में 2 से 4 दिसम्बर तक आयोजित किया जायेगा। रोटेरियन अल्पा पारिख किशन पारिख के संयोजन में सविता बेन नगिन भाई पारिख चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर स्टील सिटी के सहयोग से नेत्र शिविर का आयोजन किया जायेगा। 2 दिसम्बर को राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में रोगियों के आंखों की जांच की जायेगी।

# पूर्वी सिंहभूम की 40 ग्रामीण सड़कों के निर्माण में टाटा एग्रेटो और टाटा निर्माण का हुआ उपयोग

लौहनगरी में देश भर से आये इंजीनियरों ने टाटा एग्रेटो व टाटा निर्माण के उपयोग पर विचार-विमर्श किया




खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने ग्रामीण सड़कों के निर्माण में अपने स्लैग-आधारित एग्रीगेट्स का उपयोग करके सस्टेनेबिलिटी का एक मानदंड स्थापित किया है। पूर्वी सिंहभूम जिले में झारखंड राज्य ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण (जेएसआरआरडीए) द्वारा विकसित 21 सड़कों के निर्माण में 1.5 लाख टन से अधिक स्लैग-आधारित एग्रीगेट्स का उपयोग किया गया है। माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने ग्लासगो में 26वें यूएन क्लाइमेट चेंज कॉन्फ्रेंस ऑफ द पार्टीज (उड्ढ26) में दुनिया के सामने मिशन लाइफ (पर्यावरण के लिए जीवन शैली) की शुरूआत की थी। इस मार्गदर्शन के अनुरूप, टाटा स्टील और जेएसआरआरडीए की संयुक्त पहल के तहत, दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के अधिकारियों सहित देश के विभिन्न हिस्सों से 40 से अधिक प्रतिनिधि ग्रामीण सड़क निर्माण में हरित प्रौद्योगिकियों पर विचार-विमर्श करने के लिए शामिल हुए। टाटा स्टील के ब्रांडेड स्टील स्लैग उत्पाद टाटा एग्रेटो का उपयोग करके प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत विकसित की गई ग्रामीण सड़कों को अतिथि प्रतिनिधियों के सामने प्रदर्शित किया गया। स्टील स्लैग को सस्टेनेबल एग्रीगेट्स में बदलने के प्रयास में, टाटा स्टील ने स्टीम एजिंग के माध्यम से एलडी स्लैग के प्रसंस्करण के लिए एक अत्याधुनिक एक्सेलरेटेड वेदरिंग फैसिलिटी स्थापित की है। उत्पाद की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए एक समर्पित प्रयोगशाला भी स्थापित की गई है। टाटा स्टील ने भारत का पहला ब्रांडेड एलडी स्लैग उत्पाद-टाटा एग्रेटो और टाटा निर्माण लॉन्च किया था। टाटा स्टील की इन पहलों को आगंतुक प्रतिनिधियों ने खूब सराहा। स्लैग आधारित निर्मित एग्रीगेट्स का उपयोग प्राकृतिक एग्रीगेट्स के खनन की आवश्यकता को कम करके जैव विविधता के संरक्षण में मदद करता है और बड़ी दूरी पर एग्रीगेट्स के परिवहन की आवश्यकता को खत्म करता है। टाटा स्टील में, हम सर्कुलर इकोनॉमी सिद्धांतों को अपनाने और न्यूनतम पारिस्थितिक फुटप्रिंट वाले सस्टेनेबल उत्पादों का उत्पादन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम नई प्रौद्योगिकियों को अपनाकर और नए उत्पादों एवं अनुप्रयोगों को विकसित करके लगातार ऐसा करने में सफल रहे हैं। 'शून्य अपशिष्ट' लक्ष्य के साथ, टाटा स्टील ने स्टील अपशिष्ट प्रसंस्करण की उन्नत विधियों को अपनाकर कुशल बाय प्रोडक्ट मैनेजमेंट सुनिश्चित करने के लिए बाय प्रोडक्ट मैनेजमेंट-औद्योगिक बाय प्रोडक्ट मैनेजमेंट डिवीजन (आईबीएमडी) के लिए एक समर्पित प्रॉफिट सेन्टर बनाया है।

### जाने टाटा एग्रेटो के बारे में

**टाटा एग्रेटो भारत का पहला स्टील स्लैग-आधारित ब्रांडेड उत्पाद है, जिसका व्यापक रूप से राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण में उपयोग किया जाता है, जिसने प्राकृतिक एग्रीगेट्स को संरक्षित करने और पर्यावरणीय फुटप्रिंट को कम करने में मदद की है। टाटा एग्रेटो को डिजाइन मिश्रण में सुविधा के लिए चार अलग-अलग आकार श्रेणियों के साथ 0-65 मिमी संसाधित एलडी स्लैग से निर्मित किया गया है। अपने आकार और बनावट के कारण, यह बिटुमिनस और कंक्रीट सड़क निर्माण में उपयोग के लिए उपयुक्त है।**

## स्पीड न्यूज

### लाभूकों के लिए लाभप्रद होगा सरकार आपके द्वार शिविर : प्रमुख



**पाटन पलामू।** प्रखंड मुख्यालय में सरकार आपके द्वार के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उदघाटन पाटन प्रमुख शोभा देवी, पाटन बीडीओ अमीत कुमार झा, बीससुत्री अध्यक्ष रामानंद पाण्डेय, बीससुत्री उपाध्यक्ष उमाकांत सिंह, झामुमो अध्यक्ष पाटन रंजीत सिंह, सेमरी पंचायत मुखिया सुमति देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में सभी विभागों का स्टॉल लगाकर जनता से आवेदन प्राप्त किया गया। बीडीओ अमीत कुमार झा ने कहा कि यह योजना पुरे देश में जनता के हित में चलाई जा रही है। उसी के आलोक में झारखंड सरकार के द्वारा यह योजना आयोजित किया जा रहा है। बीडीओ ने कहा कि इस शिविर का मकसद लोगों को योजना की जानकारी देकर लाभ पहुंचाना है। सरकार के द्वारा बहुत सारी योजनाएं चलाई जा रही है जिसकी जानकारी जनता को नहीं मिल पाती है। शिविर में पाटन एमो सखी चन्द दास, सीडीपीओ अनीता कुमारी, आवास कोडिनेटर शीवम कुमार, नाजीर दीवाकांत, ब्लॉक के बड़ा बाबू मृत्यंजय सिंह, जेई नितेश कुमार सहित सभी विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे। संचालन सहायक आपरेटर धीरज सिंह ने किया।

### मुख्यमंत्री का महिलाओं के प्रति घटिया सोच : लवली गुप्ता



**मेदिनीनगर।** सीएम हेमंत सोरेन ने महिलाओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की है। इस तरह के बयान मुख्यमंत्री जी का हताशा और निराशा को दर्शाता है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता ने आरोप लगाते हुए उनसे अविलंब माफी मांगने की मांग की है। लवली गुप्ता ने कहा कि यह महिलाओं की निजता का हनन है यह महिलाओं के प्रति झारखंड मुक्ति मोर्चा के विपरीत सोच को भी दर्शाता है। गुप्ता ने पूछा कि मुख्यमंत्री को कैसे पता कि महिला ब्यूटी पार्लर जाने से पहले और निकालने के बाद कैसी दिखती है। मुख्यमंत्री जी की पत्नी भी जरूर ब्यूटी पार्लर जाती होगी, क्या वह अपने पत्नी के लिए इस तरह के शब्दों का चयन करेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सार्वजनिक रूप से राज्य की महिलाओं से माफी मांगनी चाहिए या पद से इस्तीफा देना चाहिए। साथ ही राज की महिलाओं को मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का बहिष्कार करना चाहिए। गौरतलब है कि लोहरदगा पहुंचे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केंद्र की हाई स्पीड ट्रेन की क्वालिटी पर सवाल खड़ा किया इसकी तुलना महिलाओं के ब्यूटी पार्लर में सजने संवरने से कर दिए। इस बयान पर प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा ने कड़ा विरोध दर्शायां है।

### कर्नल कप फुटबॉल : सड़ेया को वाकओवर

**हुसैनाबाद(पलामू)।** कर्नल ब्रिगेड स्पोर्ट्स क्लब जपला के तत्वधान में खेले जा रहे कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता में बुधवार का मैच सड़ेया बनाम सबानो के बीच होना था लेकिन अपरिहार्य कारणों से सबानो की टीम निर्धारित समय पर नहीं पहुंच पाई। जिसके कारण कमेटी ने सड़ेया टीम को वाक ओवर देने का निर्णय लिया। टूर्नामेंट में गुरुवार का मैच देवरी कला बनाम विश्वसीया के बीच खेला जाएगा।

### आंगनबाडी सेविका चयन प्रक्रिया में गडबड़ी की शिकायतः सविता जायसवाल



**चैनपुर पलामू।** मेदिनीनगर नगर निगम स्थित शाहपुर वार्ड नंबर 32 के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 05 मे बीते दिनों सेविका का चयन हुआ था। यह नियम के विरुद्ध है। चयन प्रक्रिया में अनियमितता का आरोप आसपास के ग्रामीण ने लगाया। पूर्व सीडीपीओ सह बीडीओ गिरिवर मिंज व सुपरवाइजर मधु कुमारी पर सेविका का उम्मीदवार कुमारी सविता जयसवाल ने बताया की 23-11-2023 को आंगनबाड़ी सेविका का चयन किया गया था। जिसे लेकर ग्रामीण में आक्रोश है। जहां सभी ग्रामीण व प्रथम वार्ड पार्षद सदस्य अनीसा वीवी के मौजूदगी मे ही कुमारी स्वेता जयसवाल ने अपना अपना कागजात जमा किया था। इसी बिच सुपरवाइजर मधु कुमारी ने सभी लोगो को बिना जानकारी दिए ही ग्रामीण व प्रथम वार्ड पार्षद अनीसा वीवी से रजिस्टर पर दस्तखत करा लिया और दस्तखत की प्रक्रिया पुरी होने के बाद ग्रामीण व प्रथम वार्ड पार्षद अनीसा वीवी को बिना कुछ जानकारी दिए ही कुमारी स्वेता जयसवाल का 26 अंक व कुमारी सविता जयसवाल का 24 अंक बता कर चली गई। इस बीच ग्रामीणो ने यह कहते हुए विरोध करने लगा कि आंगनबाड़ी सेविका का चयन बहु का होना चाहिए बेटी का नही होना चाहिए। कुमारी स्वेता शाहपुर की बेटी है और यह जालसाजी करते हुए शाहपुर का वोटर कार्ड बनवा ली है, जबकि इसका परिवार का किसी का भी वोटर कार्ड में नाम अंकित नहीं है और वही वोटर कार्ड बनवाकर स्वेता जयसवाल कह रही है की में यहां की बहु हूं, जो सरा सर झूठ है। शाहपुर के साथ-साथ रामगढ़ ससुराल में भी इसका वोटर कार्ड है। इसका सभी परिवार का सदस्य का वोटर कार्ड रामगढ़ का ही है तो ऐसे में अधिकारी को वैसे लोगों का सभी पहलू पर कागजात का जांच कर कार्रवाई करना चाहिए। श्वेता का पति एसएसबी पुलिस के पद पर कार्यरत हैं। ग्रामीण आक्रोश में आवेदन देने वालों में सुभद्रा देवी, साहिल खातून, राजकुमार प्रसाद,गणेश कुमार, ऊषा देवी, सुमित्रा देवी, अरविंद प्रसाद सोनी, सुनील कुमार, पंकज कुमार, सुनीता देवी, माया देवी, राजू जायसवाल, ध्रुप प्रसाद, मिना देवी, अनुप कुमार, हसीना खातून सहित 83 ग्रामीण ने हस्ताक्षर किए हैं। चुनाव प्रक्रिया रद्द को लेकर सविता जायसवाल सभी ग्रामीण ने पलामू उपायुक्त को आवेदन दिया।

### रामगढ़ प्रखंड स्तर में लगा आपकी सरकार आपके द्वार शिविर



**रामगढ़ पलामू।** प्रखंड के ब्लॉक प्रांगण में बुधवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार का प्रखंड स्तरीय शिविर शुभारंभ 20 सूत्री सदस्य, कलीम अंसारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, सेवाराम साहू, जिला परिषद, छोटन सिंह, प्रमुख प्रेमनी देवी, पंचायती राज पदाधिकारी गिरवर उरांव, नजीर धर्मजीत सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष ने कहा कि झारखण्ड सरकार की अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना है जिसके लिए राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कई कल्याणकारी योजनाओं से वंचितों आमजनों को सीधे जोड़ने का आदेश दिया है। सरकार आपके द्वार के लिए राज्य के सभी पंचायतों मे शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सेवाराम साहू ने सभी टेबल को स्वयम निरीक्षण कर सभी को निर्देशित करते हुये देखे गये एवं सभी को निर्देश दिए की एक भी लाभुक किसी भी योजना से वंचित न रहे। मौके पर सेवाराम साहू 20 सूत्री अध्यक्ष एवं ब्लॉक कर्मी के द्वारा गरीब असहाय एवं विधवा के बीच कंबल का भी वितरण किया गया, मौके पर कनीय अभियंता दिनेश कुमार चंद्रवंशी, गणेश उरांव, एई, सुनील कुमार यादव, नजीर, धर्मजीत सिंह, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर, मनदीप कुमार सिंह, बीपीओ सबाहुउद्दीन अंसारी, रवि शंकर कुमार, मनरेगा कर्मी, पप्पू कुमार जायसवाल, अनूप कुमार, पुरुषोत्तम कुमार, रवि कुमार, शहाबुद्दीन अंसारी, अविनाश कुमार शामिल थे।

### सतबरवा प्रखंड कार्यालय परिसर में विशेष जनता दरबार आयोजित



**सतबरवा।** प्रखंड कार्यालय परिसर में बुधवार को आपकी सरकार, आपके द्वार योजना के तहत विशेष प्रखंड स्तरीय जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें अबुआ आवास के कैंप पर विशेष भीड़ देखी गई। कार्यक्रम की शुरूआत एलआरडीसी प्यारेलाल, प्रमुख रीमा देवी, जिला पार्षद सुधा कुमारी, सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की, बीडीओ अभिषेक पांडेय, बीपीआरओ सुरेश ठाकुर,एमओ अरविंद कुमार,बीएओ धर्मेंद्र कुमार, मुखिया प्रतिनिधि शंभू उरांव तथा पंचायत सचिव संतोष तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम का संचालन मनरेगा बीपीओ अमरेंद्र कुमार कर रहे थे

# राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी बुलायेगी तो आयेंगे पलामू : देवकीनंदन ठाकुर

### देवकीनंदन ठाकुर ने ली राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी की सदस्यता, महासंरक्षक घोषित

खबर मन्त्र संवाददाता




**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी ने ऐतिहासिक श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ सह श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन कर पलामू की धरती पर जहां इतिहास रच दिया। वहीं पहली बार भारत के इतिहास में ब्राह्मण का सबसे बड़े संगठन राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी की देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज ने प्राथमिक सदस्यता ग्रहण कर वाहिनी की विश्वसनीयता, विस्तार को प्रमाणित कर दिया। प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी की अनुशंसा पर राष्ट्रीय सचिव सोनू मिश्रा की मौजूदगी में मुख्य संरक्षक गुरु पाण्डेय ने देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज को महासंरक्षक घोषित किया। वहीं संगठन के बड़े कार्यक्रमों में आमंत्रित करने पर झारखंड आने का भरोसा भी लिया। श्रीमद्भागवत कथा के समापन के उपरांत ठाकुर जी की पलामू से अंतिम विदाई के दौरान राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के प्रदेश कार्यालय जमदग्नि आश्रम पहुंचे थे। जिसे भव्य रूप से सजाया गया था। इस दौरान मुख्य संरक्षक गुरु पाण्डेय, प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने चांदी के गणेश जी की मूर्ति देकर सम्मानित किया। वहीं राष्ट्रीय सचिव सोनू मिश्रा एवं प्रदेश सचिव आशुतोष पाण्डेय लकी ने देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज का ग्यारह सौ रुपए का सदस्यता प्रमाणपत्र समर्पित किया। मौके पर महाराज श्री ने राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी को सनातन धर्म का संरक्षक बताया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी ने अपनी क्षमता का लोहा मनवाया। ऐतिहासिक महायज्ञ संपन्न कराने की क्षमतावान युवा वाहिनी भविष्य में विस्तार के साथ सफलता का परचम लहराएगा। इस दौरान ठाकुर जी ने भरोसा दिलाया कि जब भी युवा वाहिनी पलामू आने का न्योता देगी, वो व्यस्ततम समय में भी सदस्य होने के नाते युवा वाहिनी के कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। इस दौरान उनके मैनेजर विष्णु शर्मा को भी संगठन का संरक्षक बनाया गया। मौके पर मुख्य संरक्षक गुरु पाण्डेय ने बताया कि ठाकुर जी महाराज को पलामू से स्नेह हो गया है। पलामू की प्राचीन सभ्यता-संस्कृति के जड़ में सनातन समाहित है। जिसका मार्गदर्शन विप्र परिवार का संगम राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी करने के लिए तैयार है। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने कहा कि आज भारत में राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी पहली संगठन बनी है जिसके महासंरक्षक अंतरराष्ट्रीय कथावाचक परमपूज्य शांतिदूत धर्मरत्न श्री देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज बने हैं। राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी, झारखंड को ऊंचाई पर ले जाने का अभियान कामयाबी के शिखर पर पहुंचा है। समूचे भारत में राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी की चर्चा जोरों पर है। बिना चंदा का अब तक बड़े धार्मिक आयोजन कराने में सक्षम युवा वाहिनी समाजिक गतिविधियों को तेज करेगा। एवं शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार की दिशा में पहल करेगा। विदाई समारोह का संचालन प्रदेश सचिव आशुतोष पाण्डेय लकी ने किया। मौके पर प्रदेश संरक्षक कृष्णकांत चौबे, आशीष भारद्वाज, उपाध्यक्ष शैलेश तिवारी, अनिल दुबे, कोषाध्यक्ष राकेश पाण्डेय, प्रमंडलीय अध्यक्ष चंदन तिवारी, जिलाध्यक्ष विकास दूबे, महिला विंग जिलाध्यक्ष श्वेता तिवारी, रानी शर्मा, पलामू प्रभारी रिंकू तिवारी, चतरा प्रभारी संजय मिश्रा, प्रदीप दूबे, मनीष तिवारी, मुन्ना पाण्डेय, अमित पाण्डेय, आनंद प्रकाश दूबे, दिलीप तिवारी, ज्ञानेश तिवारी, बिट्टू दूबे, विक्रांत त्रिपाठी, विशाल पाण्डेय, बिकू शुक्ला, गोलू दूबे समेत युवा वाहक मौजूद थे।

### पांकी विधायक ने अंबेडकर की प्रतिमा स्थापना कार्य का किया शिलान्यास

## बाबा साहेब कोई नीति नहीं बल्कि एक विचारधारा हैं : डॉ शशिभूषण

खबर मन्त्र संवाददाता



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** प्रखंड के ग्राम सोनेसरई में पांकी विस क्षेत्र के विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि डॉ अंबेडकर के द्वारा लिखी गई संविधान आज पूरे विश्व के संविधान से कहीं ज्यादा अच्छा है। कारण कि बाबा साहेब ने संविधान में सभी जाति वर्ग, धर्म, संप्रदाय के लिए ही नहीं बल्कि वन जीवों समेत अन्य विभिन्न क्षेत्रों में जो अधिकार दिया है वह किसी संविधान में वर्णित नहीं है। आज बाबा साहेब का देन है कि हम सभी अगड़ी, पिछड़ी, गरीब, दलित, शोषित, वंचित परिवार के लोगों को हक अधिकार का कानून बनाया है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब कोई नीति नहीं बल्कि एक विचारधारा हैं। उन्हीं के बताये मार्गों पर मसभी चलकर देश में कहीं भी निर्भिक होकर रहने एवं काम करने के लिए स्वतंत्र हैं। आज उनके विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने की जरूरत है। डॉ मेहता ने कहा कि झारखंड में पांकी ऐसा विस क्षेत्र होगा जहां पर 51 स्थानों पर बाबा साहेब की प्रतिमा स्थापित विगत चार से छह माह के अंदर कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब किसी जाति वर्ग समुदाय के नहीं हैं बल्कि भारत के सभी जाति धर्म व संप्रदाय के लिए सर्वमान्य हैं। उन्होंने युवाओं को आह्वान करते हुए कहा कि बाबा साहेब के कृतित्व को चौक चौराहों गांवों के गलियों में चर्चा कर उनके आदश व विचारों को जन जन तक पहुंचाने का काम करें। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष रामानुज कुमार, सचिव नाजीर कुमार, कोषाध्यक्ष मुनी लाल कमेश यादव, रंजय ठाकुर,बचन ठाकुर, कार्तिक सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

## पीएम आवास पर अबुआ आवास पड़ा भारी : मंत्री मिथिलेश ठाकुर

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** आपकी सरकार आपकी योजना आपके द्वार कार्यक्रम से झारखंड के सभी पंचायत एवं गांव स्तर के लोगों के सपने हो रहे हैं साकार। राज्य की जनता घर बैठे अपनी छोटी समस्याओं का समाधान इस योजना के तहत ऑन स्पॉट कराने में सफल हो रहे हैं। उक्त बातें पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर होटर क्राउन प्लाजा में कही। उन्होंने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी योजना से राज्य की जनता को शत प्रतिशत सफलता हाथ लग रही है। इस योजना में वृद्धा, दिव्यांग, विधवा, पेंशन से लेकर राशन कार्ड एवं अन्य समस्याओं का समाधान सरकारी कर्मचारियों के द्वारा कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना से लगभग आठ लाख लोग वंचित रह गये हैं। इसे लेकर झारखंड सरकार के ग्रामीण मंत्री ने केंद्र सरकार के ग्रामीण मंत्री से आवास देने की गुहार लगाये थे। लेकिन केंद्र सरकार के कान पर जू तक नहीं रेंगा। इसे देखते हुए राज्य की हेमंत सरकार ने निर्णय लेते हुए अबुआ आवास योजना को लागू किया। जो पीएम आवास योजना पर भारी पड़ रहा है। इस योजना का लाभ लेने के लिए काफी संख्या में लोग आवेदन जमा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिशोमगुरू शिबू सोरेन ने जिस सपना के साथ झारखंड को बिहार से अलग कराये थे आज उस सपने को पूरा करने में हेमंत सरकार शत प्रतिशत सफल हो रही है। प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा, जैक सदस्य सुशिला मिश्रा, अविनाश देव, दीपक तिवारी, अभिषेक सिंह, रंजीत जायसवाल, सन्नू सिदिकी समेत अन्य मौजूद थे।

### आरपीएस स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ समापन



**हुसैनाबाद पलामू।** जपला छतरपुर रोड ग्राम सड्ढा में सीबीएससी द्वारा संचालित आरपीएस पब्लिक स्कूल में इंटर हाउस क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन किया गया। यह टूर्नामेंट गाजा एवं हेडेस हाउस के बीच खेला गया। जिसका उदघाटन पीटीआई शिक्षक अविनाश कुमार एवं प्राचार्य मनोज शर्मा ने दो खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। वहीं गाजा हाउस के टीम ने टॉस जीत कर बॉलिंग करने का निर्णय लिया। वही हेडेस हाउस की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 63 रन बनाया। जबाबी पारी में गाजा हाउस की टीम ने 10 बॉल रहते हुए 64 रन बनाकर जीत दर्ज किया। वहीं मैन ऑफ द मैच कक्षा 9 के अभिज्ञान को मिला। वही प्लेयर ऑफ द मैच साफत कक्षा 8 के छात्र को मिला। मौके पर प्राचार्य शर्मा ने कहा कि यह खेल बच्चों के अंदर आत्मविश्वास जगाने और उनके मानसिक शारीरिक विकास के लिए किया गया हैं, सभी बच्चे खेल को पूरे आनंद के साथ खेला।

## विद्यालयों व पार्क में पौधरोपण कर पर्यावरणविद पांडुरंग हेगड़े ने मनाई गुरुनानक देव की जयंती

खबर मन्त्र संवाददाता






**छतरपुर पलामू।** कर्नाटक के प्रख्यात पर्यावरणविद पांडुरंग हेगड़े ने अपने तीन दिवसीय पलामू प्रवास के दौरान जिले के छतरपुर अनुमंडल के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय व डाली बाजार के प्लस टू हाई स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पर्यावरण धर्म के तहत पौधरोपण कर गुरु नानक देव जी की जयंती मनाई। वहीं डाली बाजार में मोहनलाल खुर्जा पार्वती देवी जैविक पार्क में देश व विदेश के करीब 200 से अधिक प्रजातियों के दुर्लभ पौधों का अवलोकन कर विश्वव्यापी पर्यावरणविद कौशल किशोर के द्वारा पर्यावरण के क्षेत्र में किये गए उल्लेखनीय कार्यों की काफी सराहना की। उन्होंने पार्क में पौधा भी लगाया। हेगड़े ने कहा कि वनराखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल किशोर ने जिस तरह से उजड़े वनों में पुनः हरियाली लाने का काम किया है उससे देशवासियों को सिख लेने की जरूरत है। लोगों को पर्यावरण धर्म अपनाने से ही पृथ्वी व प्रकृति की रक्षा हो सकेगी। उन्होंने पार्क परिसर में बन रहे पर्यावरण धर्म ज्ञान मंदिर को देख दुरभाष (वीडियो) से उसकी जानकारी अमेरिकी पर्यावरणविद जार्ज एजेंट को दिया। उल्लेखनीय है कि अगले वर्ष जार्ज वनराखी मूवमेंट पर रिसर्च के लिए भारत आना है। कस्तूरबा विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता वार्डेन किरण सिंह ने किया।

### हरिहरगंज : भाजपा नेता को पितृशोक



**हरिहरगंज पलामू।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के सोशल मीडिया जिला संयोजक राजेश दास के 75 वर्षीय पिता मथुरा दास का बुधवार को हृदयाघात से निधन हो गया। वे अपने पीछे दो पुत्रों का भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन की सूचना पाकर बड़ी संख्या में लोग उनके आवास पर आकर शोक व्यक्त करते हुए परिजनों को सांत्वना दी। लोग उनके संयमित दिनचर्या तथा व्यवहार कुशलता की चर्चा करते रहे। बाद में बटाने नदी तट पर मृतक का दाह संस्कार किया गया। शोक प्रकट करने वालों में भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम, भाजयुमो प्रखंड अध्यक्ष चंदन जायसवाल, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन, टंटू मिश्रा, अखिलेश विश्वकर्मा, पमपम गुप्ता, प्रधानाध्यापिका अभिलाषा कुमारी, शिक्षक नवीन कुमार, पंकज, संतोष, अखिलेश पटेल, विपुल रंजन, मीना कुमारी, अर्चना कुमारी, अब्दुल कलाम आजाद, विनय कुमार रवि, युगल रविदास, सूरजमल राम, विजय विश्वकर्मा, सुनिल विश्वकर्मा सहित कई लोग शामिल हैं।

### ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा



मेदिनीनगर। पांकी मुख्य पथ के ग्राम रजवाडीह में सड़क दुर्घटना में दो व्यक्ति की दर्दनाक मौत पर हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर मृतक के परिजनों व ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। मृतक संजू गिरी और विजय गिरी हैं जो तरहसी धनगांव निवासी थे। विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता और सरकारी अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और मृतक के परिवारों को समझा बुझाकर जाम हटाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेज दिया है।

### ट्रैक्टर के चपेट आने से हुई युवक की मौत

**हुसैनाबाद पलामू।** अंचल थाना क्षेत्र अंतर्गत जपला दंगवार मुख्य सड़क के ग्राम घोड़बंधा मोड़ के समीप एक व्यक्ति अपने साथी के साथ मोटरसाइकिल से जा रहे थे तभी उनको शौच लगा, जिसके बाद सड़क किनारे वे शौचकर रहे थे तभी तेज रफ्तार में एक ट्रैक्टर आया और वे उसके चपेट में आ गए। जिसके कारण वही गिर गए जिसके बाद उनके साथी ने अन्य लोगो के मदद से उन्हें अस्पताल हुसैनाबाद लाया। जहां पर चिकित्सको ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक व्यक्ति उंटारी रोड थाना क्षेत्र के सेमरी गांव निवासी 50 वर्षीय अखलेश विश्वकर्मा है।

### आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित दिव्यांग महिला को मिला आन स्पॉट पेंशन

खबर मन्त्र संवाददाता



**हरिहरगंज पलामू।** शहर के मोतीराज महिला इंटर कालेज के समीप राधाकृष्ण मैदान पर बुधवार को वार्ड संख्या 7 से 10 के लिए आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में छतरपुर एसडीओ हीरा कुमार, एलआरडीसी विजय केरकेट्टा, नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया, सीओ यामुन रविदास, कृषि पदाधिकारी ब्रजेश कुमार सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे। शिविर में हरिहरगंज पूर्वी की दिव्यांग महिला अनीता देवी का ऑन स्पॉट पेंशन स्वीकृत किया गया। सीईओ यामुन रविदास तथा कामेश्वर बेदिया ने उक्त महिला को पेंशन स्वीकृति पत्र सौंपा। जबकि महिला व बाल विकास परियोजना द्वारा एक महिला की गोद भराई तथा एक बच्चे का अन्नप्राशन कराया गया। वहीं सोना सोबरन योजना के तहत धोती साड़ी, कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में पेंशन तथा शहरी आवास के लिए सैकड़ों आवेदन प्राप्त हुए। कार्यक्रम में छ दर्जन से अधिक मरीजों को जांच कर दवा दिया गया।

### आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में अबुआ आवास के लिये आये 3027 आवेदन

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** जिले में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बुधवार को सभी प्रखण्डों में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आवासहीन लोगों के लिये अलग से स्टॉल लगाकर अबुआ आवास योजना के तहत आवेदन प्राप्त किये गये। 21 पंचायतों, छत्तरपुर, हुसैनाबाद व हरिहरगंज नगर पंचायत में भी एक-एक स्थान पर शिविर आयोजित कर अबुआ आवास के तहत कुल 3027 आवेदन प्राप्त किया गया। वहीं सरकार द्वारा शिक्षा का विस्तार करने को लेकर चलाये जा रहे गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना के लिये भी अलग डेडिकेटेड स्टॉल लगाया गया। इन स्टॉल पर 10वीं पास छात्र-छात्राओं से कुल 2715 आवेदन आये। इसी तरह 968 लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। वहीं सर्वजन पेंशन योजना के लिये 175 आवेदन आये। आयुष्मान कार्ड के लिये 79 व मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत 141 आवेदन आये।

### आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आज विभिन्न प्रखंडों के पंचायत में लगेगा शिविर

**मेदिनीनगर।** आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आज पलामू जिले के विभिन्न प्रखंडों के पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जाएगा। साथ ही मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 19 एवं 20 के लिए गुरुद्वारा में भी शिविर 30 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। वहीं हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र में 30 नवंबर 2023 को वार्ड 04 के लिए प्राथमिक विद्यालय गमहरिया वार्ड 04 में शिविर का आयोजन किया जाएगा। हैदरनगर प्रखंड के चौकड़ी, हुसैनाबाद के बडेपुर, पिपरा के मधुबाना मुख्यालय, हरिहरगंज के कटैया पंचायत मुख्यालय, नौडीहा बाजार के नवाटांड़, छतरपुर के पिंडराही, पांडु के फुलिया, विश्रामपुर के धासीदाग पंचायत, नावाबाजार के बसना पंचायत मुख्यालय, पंडवा के पतरा पंचायत मुख्यालय, चैनपुर के बोडी, रामगढ़ के नावाडीह पंचायत मुख्यालय, सदर मेदिनीनगर के जमूने, पाटन के सतौआ, मनातू के मंझौली-1 पंचायत मुख्यालय, तरहसी के अरका, नीलांबर-पीतांबरपुर के हरतुआ आदि में शिविर लगेगा।

## सनातन धर्म सभा ने देवकीनंदन का किया अभिनंदन सनातनियों को जगाने के लिए जताया आभार

खबर मन्त्र संवाददाता



**नीलांबर पितांबरपुर पलामू।** मेदिनीनगर के हाउसिंग कॉलोनी में सात दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवतद् भागवत कथा में अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर जी के प्रवचन को सनातन धर्म ने सराहनीय बताया। इसे लेकर सनातन धर्म सभा के केंद्रीय समिति की ओर से उन्हें प्रभु श्री राम दरबार का स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया गया। वही इस यज्ञ के मुख्य संरक्षक गुरु पांडे एवं अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी को सनातनियों का रक्षक बताया। सनातन धर्म सभा के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत तिवारी ने कहा कि प्रत्येक सनातनी विश्व कल्याण की बात करता है लेकिन जिस तरह से सनातन धर्म पर लगातार प्रहार हो रहा है इसे लेकर जागरूक रहने के भी आवश्यकता है। सनातन धर्म सभा केंद्रीय समिति की ओर से इस यज्ञ में भरपूर योगदान दिया गया और आने वाले दिनों में कहीं भी महायज्ञ और धार्मिक आयोजन होता है उसमें सनातन धर्म सभा आगे बढ़कर कार्य करते रहेगी। अभिनंदन करने वालों में सनातन धर्म सभा के केंद्रीय उपाध्यक्ष राम प्रकाश तिवारी, महासचिव राजीव रंजन, अवध किशोर राय, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार, संरक्षक बलकेश पासवान, काशीनाथ विश्वकर्मा, पंडित सतीश मिश्रा संतोष मेहता, सत्यम शिवम आकाश सिंह शामिल थे।

### पाटन बीडीओ ने किया प्रखंड परिसर का निरीक्षण



**पाटन पलामू।** पाटन के बीडीओ अमीत कुमार झा ने प्रखंड परिसर का निरीक्षण करते हुए पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया। बीडीओ प्रखंड परिसर में फैले झाड़ी को तत्काल सफाई करने को कहा। बीडीओ ने परिसर में स्थित विद्यालय का भी निरीक्षण किया तथा बच्चों से सवाल जबाव किया। उन्होंने बच्चों को पढ़ाते हुए हौसला बुलंद किया तथा मिड-डे मिड का जानकारी प्राप्त किया। बीडीओ ने मेनु के अनुसार बच्चों को भोजन देने का निर्देश प्रिन्सपल को दिया। बीडीओ ने पाटन एफसीआई का भी जांच किया तथा रजिस्टर चेक किया। बीडीओ ने चावल की बोरी को तौलकर भी देखा। बीडीओ के साथ पाटन सीओ दीपक कुमार मिश्रा, झामुमो अध्यक्ष रंजीत सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सिंह उपस्थित थे।

## दिवंगत कैप्टन आरसी यादव के नाम पर शिव संपत धाम में बनेगा पार्क : अरबिंद सिंह

उंटारी रोड के प्राचीन शिव संपत धाम मंदिर में शोक सभा का हुआ अयोजन, दो मिनट का मौन रखकर दी गयी श्रद्धांजली

खबर मन्त्र संवाददाता

### लगेगा आदमकम प्रतिमा



शोक सभा में शामिल मंदिर कमिटी के अध्यक्ष सह जिला पार्षद अरविंद सिंह व अन्य।

**उंटारी रोड पलामू।** प्रखंड के प्राचीन शिव संपत धाम मंदिर के प्रांगण में बुधवार को शोक सभा का आयोजन किया गया। यहां उल्लेखनीय है कि शिव धाम मंदिर निर्माण कमिटी के कोषाध्यक्ष कैप्टन आरसी यादव मौत पिछले दिनों ब्रेन हेमरेज से हो गई है। जिसे लेकर शोक सभा का आयोजन कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। शोक सभा के उपरांत मंदिर कमिटी के पदाधिकारियों व सदस्यों की एक बैठक की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मृतक कैप्टन आरसी यादव के नाम से मंदिर प्रांगण में पार्क बनाया जाएगा साथ ही उनका आदमकद प्रतिमा लगाया जाएगा। मौके पर मंदिर निर्माण कमिटी के अध्यक्ष सह जिला पार्षद अरबिंद सिंह ने कहा कि मृतक कैप्टन आरसी यादव बहुत ही शांत स्वभाव के व्यक्ति थे। मंदिर निर्माण का कार्य पूर्ण करने में उनका शुरूआत से ही अहम योगदान रहा था। शोक सभा में मुखिया संघ अध्यक्ष सह लहर बंजारी मुखिया अशोक कुमार सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह, मुरमा खुर्द मुखिया रामबच्चन राम, महेंद्र शर्मा, डॉ योगी सिंह, अगस्त तिवारी, शिवशंकर ठाकुर, संतोष यादव, सुनील शर्मा, शैलेश सोनी, उपाध्याय सिंह, संतोष कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## आई ई एल मार्केट में एक मोबाइल दुकान में चोरी



**बेरमो/गोमिया।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत आई ई एल थाना क्षेत्र में स्थित आई ई एल मार्केट के एक मोबाइल दुकान में मंगलवार की देर रात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। बताया जाता है की चोरों के गिरोह ने दुकान का करकट सीट तोड़कर दुकान से लाखों रुपए के मोबाइल एवं स्मार्ट वॉच सहित कई सामान चोरी कर फरार हो गए। घटना की जानकारी दुकानदार को बुधवार की सुबह तब लगी जब अपने दुकान पहुंचा। इससे पहले भी दो बार दुकान में हुई है चोरी। घटना की सूचना स्थानीय थाना को दिया गया घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी लिया और जांच पड़ताल में जुट गई है।

## तेनुघाट मे चलाया गया 16 दिवसीय सिग्नेचर कैंपेन



**बेरमो/तेनुघाट।** तेनुघाट पंचायत में क्रिया के सहयोग से रूपायनी के द्वारा 16 दिवसीय अभियान के तहत सिग्नेचर कैंपेन चलाया गया। जिसमें तेनुघाट के सभी पंचायत प्रतिनिधि, मुखिया नीलम श्रीवास्तव, पंचायत समिति सदस्य अजित पांडेय, पेटरवार प्रखंड के प्रखंड विकाश पदाधिकारी संतोष कुमार महतो, गोमिया विधायक लंबोदर महतो एवं समुदाय के विभिन्न लोगो ने हिस्सा लिया। कंपेन के दौरान रूपायनी संस्था की किशोरी समूह की किशोरियों ने जेन्डर आधारित हिंसा के रूपों के बारे में बताने वाले पंपलेट बातें साथ ही लोगो को जेन्डर आधारित हिंसा के विरुद्ध आवाज उठा ने के लिए एक जुट होके कदम बढ़ने की गुहार लगायी और लोगो के हस्ताक्षर भी लिए। कार्यक्रम में काजल कुमारी, आँचल कुमारी, मेघा, निशा, अदिति, संस्था सचिव सी ए कुमार आदि मौजूद थे।

## गौ सेवा आयोग अध्यक्ष राजीव रंजन गौशाला पहुचे

**झरिया।** झारखंड गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद धनबाद पहुंचे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह सहित कांग्रेस जनों के साथ बस्ताकोला, मटकुरिया, गौशालाओं का किया निरिक्षण। गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन ने कहा कि गौशालाओं की सेवा-संरक्षण के लिए आयोग की योजनाओं के बारे में गौ सेवकों को बताया गया। गौशालाएं आत्मनिर्भर कैसे बने। निरिक्षण के दरम्यान झारखंड गौ सेवा आयोग अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद के साथ जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, प्रदेश कांग्रेस सचिव वैभव सिंहा, झरिया नगर अध्यक्ष रत्नेश यादव, गौतम पासवान, गोपाल निषाद, मुरली धर पोद्दार, सारदा सिंह, महेंद्र कुमार अग्रवाल, द्वारिका प्रसाद गोएनका, शिव प्रसाद खेमका, अनील खेमका, राजेश सिंह, अजय भारतीय, जितेंद्र अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में सम्मानित हुए डॉ पी कुमार



**बोकारो।** रेणु देवी मेमोरियल ट्रस्ट व नेपाल होम्योपैथिक संगठन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित प्रथम अंतरराष्ट्रीय इंडो नेपाल वैज्ञानिक सेमिनार में भारत और नेपाल के लगभग 200 से अधिक चिकित्सकों ने होम्योपैथी के विकास एवं जन जन तक इसे पहुंचाने पर चर्चा की। मौके पर बोकारो के होम्योपैथी चिकित्सक डॉ पी कुमार द्वारा डायबिटीज पर दिए गए अनुभवी वैज्ञानिक पद्धति के प्रस्तुतीकरण पर डॉ कुमार को नेपाल के मधेश प्रदेश के मुख्यमंत्री सरोज कुमार यादव और भारत के होम्योपैथी चिकित्सक प्रोफेसर आरपी सिंह द्वारा मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### हार्डवेयर दुकानदार के ऊपर नकाबपोश अपराधियों ने चलाई गोली

# एक बार फिर फायरिंग से दहला धनबाद

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद मे अपराधियों का तांडव रुकने का नाम नही ले रहा है। एक और जमीन कारोबारी को अपराधियों ने गोली मारी है। बताते चलें की बड़ा नवातार निवासी कृष्णा मंडल पर सुबह हार्डवेयर दुकान खोलते ही समय नकाबपोश अपराधियो ने फायरिंग कर गोली चला दी, आवाज सुनकर मनोज हंसदा जो निर्मल हंसदा मार्केट के मालिक का भाई हैं उसके ऊपर भी फायरिंग हुई पर



बाल बाल बच गया। सूत्रों ने बताया की कृष्णा मंडल 99 बिल्डर का काम भी देखता हैं। मामला गोबिन्दपुर थाना क्षेत्र के आमघाटा मार्ग समीप का है। आनन फानन में कृष्णा मंडल को एसएनएमएमसीएच अस्पताल भेजा गया। जहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए दुगार्पुर रेफर कर दिया गया है। घटना की खबर पाकर गोविंदपुर पुलिस घटनास्थ्ल पर पहुंच मामले की जानकारी ली और जांच में जुट गई। डीएसपी रैंक के अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस प्रशासन जहां एक तरफ अपराधियों पर पूर्ण रूप से लगाम लगाने का प्रयास कर रही है वहीं अपराधी है की कसम खा लिया है कि हम नही सुधरेंगे और लगातार घटना को अंजाम दे रहे हैं कल ही केंदुआ के एक व्यापारी से रंगदारी की मांग की गई थी। आगे देखा जाए इस गोलीकांड में किस गैंग या अपराधी का नाम सामने आता है। जो भी हो फिलहाल प्रशासन के लिए सीरदर्द बन गया है ये तांडव। धनबाद जिले के विधायक लेवल के नेता, व्यापारी, कई पार्टी बढ़ते अपराध को लेकर भी जिला से लेकर राजधानी तक आंदोलन के जोरदार मूड में है।

## विद्या विकास समिति झारखंड के सैंकड़ो प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में लिया भाग

खबर मन्त्र संवाददाता

**बाघमारा।** विद्या भारती, झारखंड, के द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 34 वां प्रांतीय ए खेलकूद (शिशु वर्ग) समारोह दिनांक 28 से 30 अक्टूबर 2023 सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बाघमारा में आयोजित है। इस प्रतियोगिता में विद्या विकास समिति, झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए पंडित बागेश्वरी पांडेय सरस्वती विद्या मंदिर, देवनगर, दुग्दा, बोकारो के महिला कबड्डी में प्रथम, द्वितीय अन्नपूर्णा देवी फुसरो, लंबी कूद कोमल कुमारी स.शि.वि.मं. करकटटा, खैलारी, द्वितीय दिव्या उरांव शीला देवी स.शि.वि.मं, लोहरदगा, तृतीय सुमन कुमारी राजकमल, धनबाद, ऊंची कूद प्रथम आरुषि पन्ना स.शि.वि.मं, लोहरदगा, द्वितीय सिमरन कुमारी स.शि.वि.मं, सिनीडीह, लंबी कूद मंतोष कुमार स.शि.वि.मं, सिन्दरी, द्वितीय अलोक उरांव, गुमला, तृतीय



अंकित राम, रजरप्पा, गोला फेक प्रथम नमन किशन, राजकमल, द्वितीय मंतोष कुमार स.शि.वि.मं, सिन्दरी, तृतीय गोतम महतो, गुमला, गोला फेक प्रथम अंशिका कुमारी, सिनीडीह, आचंल कुमारी, भूलीनगर, स्वाती कुमारी, सिन्दरी 100 मीटर दौड़ प्रथम मो.साहिल अंसारी सिन्दरी, द्वितीय प्रियांशु पाण्डेय, चतरा, तृतीय आर्यन कुमार मोहली, करकटटा, खलारी। दिव्या उरांव 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण, कोमल कुमारी, खलारी रजत एवं तृप्ति कुमारी तिर्की कास्य सिनीडीह, तथा 200 मीटर प्रथम बादल कुमार यादव, चतरा, द्वितीय मो. साहिल अंसारी, सिन्दरी, अमित, सिटीबोना, दौड़ में रजत प्राप्त स्थान प्राप्त किए। इस उपलब्धि से संपूर्ण विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। विद्यालय के प्रधानाचार्य संतोष कुमार झा एवं प्रबंधकारिणी समिति के सचिव विनय कुमार पाण्डेय, अध्यक्ष माधव सिंह, कोषाध्यक्ष गोपाल अग्रवाल एवं समस्त आचार्य, दीदी ने उन्हें आगामी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## कसमार के हिसिम में लगा आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार का शिविर



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत कसमार प्रखंड के हिसिम पंचायत में आयोजित शिविर में गोमिया विधायक लंबोदर महतो जिप उपाध्यक्ष बबीता देवी कसमार प्रखंड प्रमुख नियोति कुमारी मुखिया बबीता देवी पंसस जगेश्वर हेंब्रम की मौजूदगी में कुल 1150 आवेदन प्राप्त हुए। आम नागरिकों से जुड़े सरकारी विभागों द्वारा लोगों से आवेदन लेकर ऑन द स्पॉट समाधान किया गया। इस दौरान गोमिया विधायक लंबोदर महतो ने कहा कि बेहद गरीब लाचार असहाय वृद्ध जरूरतमंद लोगों की समस्याओं का समाधान करना व योजनाओं का लाभ दिलाने से ही जनता दरबार आयोजन की सार्थकता सिद्ध होगी। शिविर में सबसे अधिक आबुआ आवास का आवेदन आया। जिसे पोर्टल पर ऑनलाइन कर रिसीविंग दिया गया। शिविर में मनरेगा सहित अन्यान्य योजनाओं के आवेदन लिये गये। शिविर में कसमार बीडीओ अनिल कुमार सीओ सुरेश सिन्हा चिकित्सा प्रभारी बीपी गुप्ता डीएसओ जितेंद्र भगत किशोर कांत संतोष महतो विमल जायसवाल बानेश्वर महतो अनुज पाल पंचायत सेवक भकतू तूरी राजकिशोर मिश्रा रोजगार सेवक पद्मलोचन गोराईं सुनीता देवी सुरेंद्र महतो आदि मौजूद थे।

## बीएंडके जीएम एम के राव ने दो दिव्यांग संस्थाओ को 75 हजार रुपए का चेक दिया

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** सोमवार को सीसीएल ऑफिसर्स क्लब करगली में बीएंडके महाप्रबंधक एम के राव के द्वारा उन्हें 49 वे स्थापना दिवस में सर्वश्रेष्ठ जीएम अवार्ड में प्राप्त 75 हजार रुपए की राशि को समाज के उत्थान में लगी दिव्यांग कल्याण समिति बेरमो और विकलांग मानव सेवा संघ बगोदर, गिरिडीह के दो संस्थाओं को 37 हजार 500 रुपए करके चेक प्रदान किया। श्री राव ने कहा कि दिव्यांग व्यक्तियों को सशक्त बनाने के लिए प्रोत्साहन राशि दिया। कहा कि दिव्यांगजन भी समाज के अंग हैं। इन्हें सहयोग की जरूरत है। सहयोग करना हर मानव का धर्म है। दिव्यांग भाई बहनों को हर संभव मदद की आवश्यकता है। वे कभी भी समाज में अपने को किसी से कम नहीं समझें। कार्यक्रम का संचालन एसओ पीएंडपी शंभू नाथ झा ने किया। इस अवसर पर नये जीएम के रामकृष्णा, पीओ मनोज कुमार सिंह, कन्हैया शंकर ग्रेवाल व अरविंद शर्मा, एसओएम के डी प्रसाद, एसओईएंडएम जी मोहंती, एसओपी राजीव कुमार, एसओसी सतीश सिंहा, एएफएम जी चौबे, एसओ भू राजस्व पदाधिकारी बीके ठाकुर, एरिया सेफ्टी ऑफिसर कुमार सौरभ सिंह, कार्मिक प्रबंधक पी एन सिंह, दिव्यांग कल्याण समिति के महासचिव भुनेश्वर यादव, समाजसेवी रजनी कुमारी सहित प्रतिनिधियों विजय कुमार सिंह, विनय पाठक, अनिल कुमार सिंह, राम निहोरा सिंह, अफताब आलम खान, शक्ति मंडल, राहुल कुमार, गणेश महतो, टीनू सिंह, आभाष चंद्र गांगुली, गोपाल गुप्ता, लव कुमार, परवेज अख्तर, आदि मुख्य रूप से शामिल हुए।

## सीसीडी ढ़ोरी में ड्राईवर बिनेश मंडल को दी गई विदाई

**बेरमो।** सीसीएल ढोरी क्षेत्र के जीएम यूनिट ईएएंडएम विभाग के अंतर्गत सीसीडी में बुधवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।समारोह में यहां 30 नंवम्बर को सेवानिवृत होने वाले डाईवर बिनेश मंडल को साथी कामगारों द्वारा सर्वप्रथम माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। मौके पर जनता मजदूर यूनियन के ढोरी क्षेत्रीय सचिव विकास कुमार सिंह और बीएडके के क्षत्रिय अध्यक्ष राहुल कुमार आदि ने कहा कि जो जैसा काम कर जाता है, उसको उसी तरह से याद किया जाता है। उन्होंने कहा कि बिनेश मंडल की कृति हमेशा यहां के कामगार साथियों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा। कहा कि यह सौभाग्य है कि बिनेश मंडल अपने जीवन को बेदाग रखकर सेवानिवृत्त हुए। उन्होंने कहा कि नियम के तहत मंडल सेवानिवृत हुए है, जबकि जब भी उनकी जरूरत हम सभी को होगा हमलोग इन्हे जरुर बुलाएंगे। उज्जवल मुखर्जी ने कहा कि सबको एक दिन सेवानिवृत्त होना है। सेवानिवृत साथी अब जीवन की दूसरी पारी की शुरूआत कर रहे हैं। वे स्वस्थ रहें, सुरक्षित रहें और परिवार के साथ मंगलमय जीवन व्यतीत करें। सेवानिवृत्त कर्मी बिनेश मंडल ने कहा कि व्यक्ति काम और व्यवहार की बदौलत ही ऊंचाई को प्राप्त करता है। उन्होंने कहा कि लगभग 40 वर्ष तक नौकरी किया। आज वे कटेगरी श्क होकर सेवानिवृत हो रहे हैं। इसका उन्हें गर्व है। जनता मजदूर यूनियन के ढोरी क्षेत्रीय सचिव विकास कुमार सिंह और बीएडके के क्षत्रिय अध्यक्ष राहुल कुमार सहित अन्य सामग्री देकर सम्मानित किया।

## बीआईएसएसएस 8 बी में आंतरिक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

**बोकारो।** बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 8 बी में शिक्षकों के लिए आंतरिक प्रशिक्षण कार्यशाला के दूसरे दिन प्रशिक्षक प्राचार्य सच्चिदानन्द मिश्र ने विगत दिन के विषय कक्षा प्रबंधन को आगे बढाते हुए प्रशिक्षिका नीता सहाय के सहयोग से कार्यक्रम आरम्भ किया। प्रतिभागी शिक्षक समूह द्वारा भूमिका निर्वहण के माध्यम से प्रशिक्षित विषय का प्रस्तुतीकरण किया गया। मौके पर अन्य विद्यालयों के प्राचार्यों समेत बीआईएसएसएस 8 बी सहित बीआईएसएसएस 9 ई एवं बीआईवी11 डी के शिक्षक गण मौजूद रहे।

## ईएसएल वेदांता मुद्दों का शांतिपूर्वक समाधान करने को कृतसंकल्पित

**बोकारो।** ईएसएल वेदांता ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि वह सामुदायिक विकास प्रयासों के प्रति प्रतिबद्धता हेतु विभिन्न राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय सरकारी और गैर सरकारी संगठनों से सम्मानित होती रही है और शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन का स्वागत करते हुए वह किसी भी मुद्दे का समाधान खोजने के लिए बातचीत के लिए हमेशा तैयार हैं। इसके लिए उसने सौहार्दपूर्ण ढंग से रचनात्मक चर्चा में शामिल होने के लिए पीड़ित पक्षों को मेज पर आमंत्रित किया है।

## बोकारो स्टील प्लांट को मिला 23वां ग्रीनटेक पर्यावरण पुरस्कार

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट ने पर्यावरण उत्कृष्टता श्रेणी में प्रतिष्ठित 23वां ग्रीनटेक पर्यावरण पुरस्कार 2023 जीतकर अपने नाम एक और उपलब्धि जोड़ ली है। सोनमर्ग जम्मू और कश्मीर में निर्धारित 23वें वार्षिक ग्रीनटेक पर्यावरण शिखर सम्मेलन 2023 के दौरान बतौर बीएसएल प्रतिनिधि सीजीएम (एसएमएस टू व सीसीएस) अरविंद कुमार ने



यह पुरस्कार प्राप्त किया था जिसे उन्होंने ईडी (संकार्य) के सेमिनार हॉल में ईडी (संकार्य) बीके तिवारी को सौंपा। जूरी सदस्यों के सामने एजीएम (पर्यावरण) नितेश रंजन द्वारा दी गई प्रस्तुति एवं जूरी के सदस्यों द्वारा उठाए गए प्रश्नों का जीएम (पर्यावरण) एनपी श्रीवास्तव द्वारा दिए गए समाधान के आधार पर जूरी सदस्यों ने बोकारो स्टील प्लांट को विजेता घोषित किया था। मौके पर ईडी श्री तिवारी ने बीएसएल समूह को बधाई दी तथा सभी से सर्कुलर इकोनॉमी पर्यावरण के सिद्धांतों को सुनिश्चित करने और उत्पादन की गतिविधियों में ऊर्जा संरक्षण की अपील की।

# रन फॉर क्लीन एयर : 14 दिसम्बर को दौड़ेगा झरिया

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** ग्रीन लाइफ एवं युथ कॉन्सेप्ट के संयुक्त तत्वावधान में झरिया में व्याप्त वायु प्रदूषण को ले कर मंगलवार को श्री राम लॉज में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। जिसमे बड़ी संख्या में शहर वासियों एवं गणमान्य लोगों ने भाग लिया। निर्णय लिया गया कि आगामी 14 दिसम्बर को झरिया में रन फॉर क्लीन एयर का कार्यक्रम होगा। रन फॉर क्लीन एयर का दौड़ चिल्ड्रेन पार्क से शुरू हो कर कतरास मोड़ के नेहरू पार्क में समाप्त होगा। कार्यक्रम के प्रचार प्रसार के लिए जगह जगह होर्डिंग पोस्टर लगाए जाएंगे। बैठक का संचालन डॉ मनोज सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन अखलाक अहमद



ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विधायक प्रतिनिधि के डी पाण्डेय ने कहा कि झरिया में प्रदूषण चरम पर है। इसके खिलाफ जोरदार लड़ाई की आवश्यकता है। और आंदोलन को धारदार बनाने और लोगों को जागरूक करने के लिए रन फॉर क्लीन एयर मील का पत्थर साबित होगा। श्री पाण्डेय ने कहा कि झरिया के प्रदूषण को लेकर जल्द ही उपयुक्त एवं बी सी सी एल सीएमडी के साथ त्रिपक्षीय बैठक आयोजित की जाएगी। कहा कि जयप्रकाश नारायण अकेले दम पर सम्पूर्ण क्रांति से सत्ता पलट कर दिए थे। अतः संख्या मायने नही रखता। मारवाडी सम्मेलन झरिया के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई को धार देने के लिए सभी वर्गों को साथ ले कर चलना होगा। हम सभी को मिलकर कोयला खनन कंपनी के खिलाफ ईमानदारी पुर्वक लड़ाई लड़ना है। श्री अग्रवाल ने कहा कि यह लड़ाई अपने बच्चों के भविष्य एवं उनके स्वास्थ्य की रक्षा के लिए लड़ना है। डीएमएफटी फण्ड का उपयोग झरिया का पर्यावरण संरक्षण के लिए करना चाहिए। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ नरेश प्रसाद ने कहा कि झरिया में व्याप्त वायु प्रदूषण के कारण बड़ी संख्या में लोग बीमार पड़ रहे हैं। धूल कण का असर अजन्मे बच्चों के मष्तिष्क को प्रभावित कर रहा है। स्वाँस में मरीज बढ़ रहे हैं। लोग गंभीर बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। कोल डस्ट से लोगों का रोगप्रतिरोधक क्षमता घट रहा हैं और बड़ी बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। बैठक में के डी पांडेय, राजकुमार अग्रवाल, डॉ नरेश प्रसाद, शिवबालक पासवान, श्रीकान्त अम्बष्ठ, बंटी जयसवाल, वीरेन्द्र निषाद, पिनाकी रॉय, अविनाश शर्मा, दिलीप आडवाणी, रिंकू शर्मा, झूलन सिंह, अरुण साव, अनिल जैन, शिवबालक पासवान, आर सी पासवान, सत्यनारायण भोजगाड़िया, अनूप लिल्हा, बीरेन्द्र निषाद, मो खदिर, बीरेंद्र कुमार सिंह, मो शाहनवाज खान, पिंकू चंद्रबंशी, बी डी कुमार, मनीष सिंह, अखलाक खान, जीतेन्द्र कुमार, डॉ मनोज सिंह, अखलाक अहमद, आदि मुख्य रूप से अपने विचार रखे ।

एक नजर में

## समाजवादी नेता स्व अकलू राम महतो को दी गई श्रद्धांजलि



**बोकारो।** पारिवारिक सहायता केंद्र की ओर से स्टेशन रोड विस्थापित महाविद्यालय के प्रांगण में स्व अकलू राम महतो की तृतीय पुण्यतिथि पर उप मुखिया कनारी राजू महतो की अध्यक्षता एवं चौहान महतो के संचालन में आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम में उनके तस्वीर पर माला एवं पुष्प अर्पित कर उनके विचारों पर चलने का संकल्प लिया गया। सहायता केंद्र के अध्यक्ष मदन मोहन महतो ने कहा कि वर्तमान दौर और परिस्थिति में स्व अकलू राम महतो की विचारधारा और कार्यशैली की प्रासंगिकता बढ़ गई है। मौके पर जयप्रकाश चौहान महतो सरोज महतो संतोष कुमार महतो भरत महतो समरेश कुमार महतो मनोज कुमार दीपक कुमार महतो विष्णु कुमार महतो नागेंद्र महतो विराज महतो प्रधानाध्यापक कामदेव प्रसाद महतो बंशीधर महतो राम मनोहर लोहिया सेवा आश्रम अध्यक्ष सहदेव महतो अशोक कुमार महतो भोला महतो देवरंजन महतो विनोद कुमार महतो जयप्रकाश कुमार धनेश्वर महतो आदि मौजूद थे।

## व्यवसायी से 20 लाख रंगदारी की मांग नहीं देने पर खोपड़ी खोलने की धमकी

केंदुआ। केंदुआ बाजार के व्यवसायी आशीष वर्मा (कम्प्यूटर केंद्र संचालक) के मोबाइल पर मंगलवार को सुबह करीब 7.45बजे +995577-- नंबर से मेजर के नाम से वाट्सअप मैसेज भेज 20 लाख रुपये रंगदारी मांगने का मामला प्रकाश में आया है। व्यवसायी को मैसेज भेजनेवाले ने खुले तौर पर धमकी देते हुये लिखा है कि हम मेजर बोल रहे है 20 लाख कैश आशीष केसरी तुमको देना है अगर पैसा नही दिया तो तुम्हारा खोपड़ी खोल देंगे। जैसे दीपक अग्रवाल को ठीक किये है बैंक मोड़ में तुमको भी वैसे ही ठोकेंगे। बात करके मैनेज करो। व्यवसायी आशीष ने मैसेज दिन में लगभग साढ़े बारह से एक बजे के करीब देखा। जिसके बाद धमकी के साथ 20लाख रंगदारी का मैसेज पढ़ कर युवा व्यवसायी दहशत में है। व्यवसायी केंदुआ सिनेमा हाल के समीप सिद्धि कम्प्यूटर केंद्र चलाता है। मामले को लेकर व्यवसायी आशीष ने केंदुआडीह पुलिस को सूचना दे जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगायी है। पीड़ित व्यवसायी शाम को थाना गया था। लगभग पांच-छह माह पूर्व भी केंदुआ बाजार के एक जवैलरी व्यवसायी संजय वर्मा नामक आभूषण व्यवसायी को धमकी भरा मैसेज भेज रंगदारी की मांग किया गया था। जिसकी सूचना आभूषण व्यापारी संजय वर्मा ने केंदुआडीह थाना को दिया था। जिसपर पुलिस ने कार्रवाई करते हुये मामला दर्ज किया था। पीड़ित व्यवसायी आशीष ने घटना के बारे में बताया कि सुबह मोबाइल पर मेजर नाम से वाट्सअप मैसेज आया था। जिसमे धमकी देते हुये 20लाख रुपये की रंगदारी मांगने का जिक्र था।जिसे मैंने दोपहर में दुकान पहुंचने पर देखा। उसके बाद केंदुआडीह थाना को मौखिक सूचना दे सुरक्षा की गुहार लगायी है।

## अंडर 15 राज्यस्तरीय क्रिकेट खिलाड़ी खुशी की घर वापसी पर हुआ भव्य स्वागत



**सिंदरी ।** ग्वालियर में आयोजित महिला अंडर 15 राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में झारखंड की ओर से खेलने वाली खुशी कुमारी की घर वापसी पर जनता मजदूर संघ (कुंती गुट) शाखा सचिव रुपेश कुमार उर्फ मुन्ना ने आतिशबाजी, ढोल नगाड़ों और मिठाई खिलाकर बुधवार को एसीसी मुख्य द्वार पर खुशी का भव्य स्वागत किया। उन्होंने कहा कि खुशी ने सिंदरी ही नहीं पूरे धनबाद जिला का गौरव बढ़ाया है। खिलाड़ी खुशी कुमारी ने बताया कि विगत 17 नवंबर से आयोजित राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में शामिल होने वाली झारखंड की टीम में चयन हुआ था। इस प्रतियोगिता में झारखंड की टीम की गुजरात के साथ खेले गए मैच में खुशी ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया था। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय क्रिकेट कोच श्री राम दुबे को दिया है। खुशी के पिता मनोज पोद्दार एसीसी कर्मी हैं और माँ रिंकू देवी गृहिणी हैं। चार बहन और एक भाई में खुशी की इस प्रतिभा के लिए बधाई देते हुए एसीसी प्लांट निदेशक ने बधाई दी है। कोच श्री राम दुबे ने कहा कि खिलाड़ी खुशी प्रतिभा की धनी हैं और मेहनती खिलाड़ी भी हैं। उन्होंने कहा कि खुशी की प्रतिभा निखरकर सामने आएगी और आशा है कि वह देश का नाम भी रौशन करे। स्वागत समारोह में जनता मजदूर संघ (कुंती गुट) शाखा सचिव रुपेश कुमार उर्फ मुन्ना, आजसू सिंदरी नगर अध्यक्ष राजेश चौधरी, दीपक कुमार सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## अग्रसेन सरस्वती विद्या मंदिर में विज्ञान व आर्ट एण्ड क्राफ्ट प्रदर्शनी

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा निचे बाजार स्थित अग्रसेन सरस्वती विद्या मंदिर में बुधवार को वार्षिक विज्ञान व आर्ट एण्ड क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप से उपस्थित धनबाद की समाज सेविका रागिनी सिंह ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया व बच्चों द्वारा बनाए गए प्रदर्शनी को देखा। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा 50 प्रदर्शनी लगाए गए थे। प्रदर्शनी में लाई-फाई एवं जेसीबी को प्रथम, हाइड्रो इलेक्ट्रिक सीटी को द्वितीय एवं इंडियन कैपिटल सह कंप्यूटर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। मौके पर स्कूल के सचिव निलय कुमार गढ़याण, कोषाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, प्राचार्य अशोक कुमार वर्मा मौजुद थे। प्रदर्शनी को सफल बनाने मे अर्णव दत्ता, निधि कुमारी, सुनिता राय, बाबी कुमारी साव, प्रकाश साव आदि थे।

## कुमारधुबी नियोजनालय में भर्ती कैंप का आयोजन

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा के सरसापहाड़ी स्थित श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग कुमारधुबी नियोजनालय में बुधवार को भर्ती कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में सात कंपनियों ने हिस्सा लिया। भर्ती कैंप में कुल 200 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिसमें 45 प्रतिभागियों का चयन किया गया व 40 शॉर्टलिस्ट किया गया। कैंप में टू कॉम्स कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड, आईपीएस ग्रुप, परम ग्रुप, डेभेलेको कॉरपोरेट सर्विसेज फॉर लावा इंटरनेशनल लिमिटेड, फ्रीडम इंम्पलायबिलिटी एकेडमी, मेंगोसोरेंज सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड फॉर लेंसकार्ट व कॉल फॉर कैरियर फॉर एक्सिस एंड स्टेट बैंक्स बीपीओ के प्रतिनिधि उपस्थित हुए और छात्रों का साक्षात्कार लेकर उनका चयन किया। भर्ती कैंप में शामिल युवाओं में उत्साह देखा जा रहा था। मौके पर नियोजनालय पदाधिकारी बिनोद कुमार, अमित कुमार रजक, राजशेखर, रणविजय कुमार, मून विलियम आदि थे।

## पूर्व बीसीसीएल कर्मी के घर चार लाख की हुई चोरी

**सिंदरी।** गौशाला ओपी क्षेत्र के गौशाला बाजार स्थित पूर्व बीसीसीएल कर्मी जामिनि मोहन मुखर्जी के बंद निजी आवास का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने लगभग पच्चीस हजार नकदी सहित चार लाख रुपए की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। सूचना पर गौशाला ओपी पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और जानकारी प्राप्त की। भुक्तभोगी जामिनि मोहन मुखर्जी ने बताया कि विगत 25 नवंबर को वह सपरिवार अपने भाई की बीमार सास को देखने के लिए पश्चिम बंगाल के बाँकुड़ा गए थे। बुधवार की सुबह घर लौटने पर पाया कि घर का ताला टूटा हुआ है और सारा सामान बिखरा पड़ा है। उन्होंने बताया कि अज्ञात चोरों ने घर के मुख्य दरवाजे सहित लगभग सभी दरवाजों का ताला तोड़कर घटना को अंजाम दिया है।

## स्पीड न्यूज

### जागरूकता रथ को डीसी ने किया रवाना



**गुमला।** समाहरणालय परिसर से उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने बुधवार को आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जागरूकता रथ एवं एलईडी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उपायुक्त ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिले के सभी पंचायतों में शिविर लग रहा है। शिविरों में सरकार की सभी योजनाओं का जानकारी दी जा रही है। इस दौरान डीडीसी, एसडीओ सदर, प्रभारी जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

### परमवीर अल्बर्ट एक्का कॉलेज के बीए सत्र का रिजलट शत प्रतिशत रहा



**चैनपुर।** परमवीर अल्बर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज चैनपुर का बीए सत्र 2020-2023 का फाइनल रिजलट शत प्रतिशत रहा। कॉलेज यूजी सेकशन के कुल 116 नियमित विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए एवं सबके सब प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। राजनीतिशास्त्र प्रतिष्ठा की छात्रा सविता कुमारी 2102 अंक प्राप्त कर कॉलेज टोपर बनीं। वहीं रंजना कुमारी 2077 एवं शांति कुमारी 2074 अंक लाकर द्वितीय एवं तीसरे स्थान पर रहीं। कॉलेज टॉपर सविता कुमारी आगे कानून की पढ़ाई करना चाहती है। कॉलेज के उप-प्राचार्य सह परीक्षा नियंत्रक फादर अगस्तुस एक्का ने कहा कि यहां के छात्र-छात्राएं प्रारंभ से ही अनुशासन में रहकर, जीवन-लक्ष्य निर्धारित कर, नियमित पढ़ाई करते एवं कड़ी मेहनत से मुकाम प्राप्त करते हैं। कॉलेज के प्राचार्य फादर इननोसेट कुजूर एवं प्राध्यापकों ने भी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए भावी जीवन की शुभकामनाएं दी हैं। बीए फाइनल के इस शानदार रिजल्ट एवं सफलता से कॉलेज परिवार में हर्ष का माहौल है।

### अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना ही सरकार आपके द्वार शिविर का उद्देश्य : डीडीसी



**गुमला।** सदर प्रखंड के वृंदा व डुमरडीह पंचायत में बुधवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत शिविर लगाया गया। शिविर का विधिवत उद्घाटन एवं विकास हेमंत कुमार सती, बीडीओ व सीओ सतीश कुमार ने किया। डीडीसी ने कहा कि आपकी योजना आपकी आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का उद्देश्य गरीबों को उनके घर तक पहुंचकर सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ देना है। मोहन ने कहा कि सभी ग्रामीण अपनी आवश्यकता के अनुसार आवेदन देखकर योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजना अबुआ आवास की जानकारी देते हुए उसका लाभ लेने कको जागरूक किया। सिविल में विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगे थे। जहां ग्रामीण स्कूलों में आवेदन समर्पित कर लाभ देने की गुहार लगायी। कार्यक्रम में मुखिया सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### 210 जरूरतमंदों के बीच बंटे कंबल



**घाघरा।** सर्वेश्वरी शाखा समूह घाघरा परिसर में परम पूज्य आघोरेश्वर महानिर्वाण दिवस पर बुधवार को दिन के 1:30 बजे 210 असहाय जरूरतमंदों के बीच समूह द्वारा भोजन कराकर कंबल का वितरण किया गया। इस क्रम में घाघरा प्रखंड क्षेत्र के कई गांव से असहाय और जरूरतमंद महिला पुरुष शामिल हुई। जिन्हें सर्वप्रथम भोजन कराया गया भोजन के उपरांत सभी के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर समूह के सदस्य अनंत कुमार पांडे ने बताया कि परम पूज्य अघोरेश्वर महानिर्वाण के अवसर पर यह कार्यक्रम किया गया ताकि असहाय जरूरतमंदों के बीच ठंड में कंबल का सहयोग दिया जा सके मसेवा करना ही समूह का मुख्य उद्देश्य है। मौके पर अनंत पांडेय, मोती लाल साहू, रवि गुप्ता, बलराम सोनी, नंदलाल साहू, संजय साहू, सपु गुप्ता, तेजवाल सोनी, दिलीप श्रीवास्तव, लीला महली, पिंटू गुप्ता, सोमरा उरांव, प्रभा देवी, सावित्री देवी, सीमा कुमारी, आरती देवी, शीला देवी सहित कई महिला पुरुष उपस्थित थे।

### स्वयंसेवकों का प्रशिक्षण आयोजित



**घाघरा।** प्रखंड कार्यालय परिसर में नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत स्वयंसेवकों का बुधवार को एकदिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षक हीरालाल महतो, भोला साहू एवं दीपक साहू ने स्वयं सेवकों को प्रोजेक्टर से प्रशिक्षण दिया। जिसमें बुनियादी साक्षरता व संख्या ज्ञान सभी के लिए शिक्षा के मजबूत आधार बनाना, शिक्षा कार्यक्रम में भाग लेने वाले शिक्षार्थी 15 वर्ष से आयु के ऊपर को सुनना और बोलना समृद्ध मात्रा में उपलब्ध कराना, कई कार्यों में उन्हें सक्षम करना जैसे बस का रूट नंबर पढ़ने मोबाइल नंबर डायल करने बैंक संबंधी कार्यों में सही राशि भरने बाजार में वस्तुओं के खरीदने वह बेचने में अपनी बचत व खर्च के हिसाब रखने सहित कई चीजों में बेहतर करने का ज्ञान देंगे।

# जिला परिषद विभाग में चरितार्थ हो रही अंधेर नगरी चौपट राजा वाली कहावत: संदीप कुमार

■ विभाग के आदेश की अनसुनी कर बिना शिलान्यास के संवेदक ने शुरू कर दिया काम, जनप्रतिनिधियों में रोष



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला परिषद विभाग में अंधेर नगरी चौपट राजा वाला कहावत चरितार्थ होता दिख रहा है। विभाग के सवेंदकों द्वारा नियम ताक में रखकर निर्माण कार्यों को किया जा रहा है और विभाग मौन साधे हुए है।उक्त बातें किसको जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार ने कही। उन्होंने कहा की संवेदकों और विभाग द्वारा जनप्रतिनिधियों का लगातार अनदेखी की जा रही है। ताजा मामला जिला परिषद विभाग द्वारा निकाले गए निविदा के माध्यम से प्राप्त कार्य की शुरुआत बिना जनप्रतिनिधियों के शिलान्यास की ही शुरू कर दिया गया। जिसके कारण जनप्रतिनिधि काफी गुस्से में है। और संवेदक पर कार्रवाई को लेकर डीसी को पत्र भी भेजा है। जानकारी अनुसार किस्को प्रखंड के अरेया पंचायत के चरहु गांव में जिला परिषद द्वारा लगभग 12 लाख रुपए की लागत से नाली निर्माण का कार्य संवेदक को दिया गया था। जिसका सवेंदक ने बिना जिप अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के साथ जिप सदस्य को भी बिना सूचना दिए कार्य को शुरू कर दिया। जिस पर किसको जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार गुप्ता ने रोष जताते हुए विभाग से संवेदक पर करवाई की मांग की गई है साथ ही भविष्य में किसी भी प्रकार से इस तरह की घटना नही होने देना का ताकीद भी किया है। हालांकि बताया जाता है की शिलान्यास करने के लिए जिप अध्यक्ष मौके पर पहुंच भी गई थी लेकिन जिप सदस्य की आपत्ति के बाद उन्होंने कार्यक्रम में भाग नहीं लिया।

# अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल होगा लोहरदगा स्टेशन : सुदर्शन भगत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** दक्षिण पूर्व रेलवे डिवीजन की बैठक रांची के बीएनआर होटल में की गयी। जिसकी अध्यक्षता लोहरदगा लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत ने की। जिसमें झारखंड सहित उड़ीसा के लोकसभा और राज्यसभा सांसद गण बैठक में शामिल हुए। बैठक के पश्चात उन्होंने बताया कि रेलवे स्टेशन लोहरदगा अमृत भारत का स्टेशन योजना के अंतर्गत बहुत जल्द शामिल होगा। अपने लोकसभा क्षेत्र में आने वाले सभी स्टेशनों की सुविधाओं को और कैसे सुदृढ़ किया जाये इसे लेकर निर्देशित किया एवं जनता की यात्रा सुलभ बनाने के लिए कई लंबी ट्रेनों की मांग रखी। इसमें इटकी से लेकर बड़की चांपी तक सामुदायिक शौचालय विशेषकर महिलाओं के लिए अलग से व्यवस्था, स्टेशनों में स्वच्छ पेयजल व्यवस्था एवं खराब पड़े हुए पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ करने, साथ ही इटकी से लेकर सभी स्टेशनों पर निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सहित तेजी लाकर योजनाएं पूर्ण करने की बात कही।



**इलेक्ट्रिक सिस्टम होगा बेहतर :** लोहरदगा में रेलवे चिकित्सा केंद्र की सुविधा एवं इलेक्ट्रिक सिस्टम को बेहतर करने के लिए कर्मचारी सहित एक यूनिट की सुविधा सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही आरक्षित टिकट तत्काल एवं लंबी दूरी की टिकट सरलता से आम जनता को प्राप्त हो। जगह जगह पर बनी अंडर पास में जल संग्रह एवं अन्य समस्याओं को दूर करने की बात कही। साथ ही नई रेल के परिचालन करने का आग्रह किया है। जिसमें रांची से दिल्ली जाने वाली गरीब रथ सप्ताह में दो बार भाया लोहरदगा चलायी जाये। रांची से भाया लोहरदगा बनारस, प्रयागराज के लिए गाड़ी दिया जाये। रांची से अहमदाबाद की भाया लोहरदगा होते हुए चलाया जाये और रांची स्टेशन से भी सीटें आरक्षित करने की बात कही हो। किसानों के हितो के रक्षा के लिए लंबे समय से लगातार मांग किसानों द्वारा उपज की सही मूल्य मिले इसके लिए लोहरदगा से राउलकेला के लिए रेल सुविधा बहाल किया जाए और रांची से आयोध्या के लिए भाया लोहरदगा होते हुए भी रेल सुविधा बहाल हो।



# ग्राम सभा में सावरिया को बाल विवाह मुक्त बनाने का संकल्प

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान एवं प्रखंड प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में गुमला प्रखंड अंतर्गत बसुवा पंचायत के ग्राम सावरिया गांव मे ग्राम प्रधान की अध्यक्षता मे ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में मुखिया बरती देवी महिला सुपरवाइजर जुली किरण, लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान के जिला समन्वयक मिथिलेश कुमार पांडेय, ग्राम प्रधान रिसा उरांव, पहान शंकर उरांव, वार्ड सदस्य महरंग उरांव, सेविका बसंती उरांव, चंद्रमणि तिर्की, स्वास्थ्य सहिया रेणु देवी, लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान के सपोर्ट पर्सन कमला कुमारी, जया सेन गुप्ता कौनसेलर धनमैत सिंह फिल्ड फैसलीटेंटर बालो कुमारी व ग्रामीण उपस्थित थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य है कि गांव को बाल विवाह मुक्त ग्राम बनाने के संकल्प लिया साथ ही बाल मजदूर, बाल व्यापार, बाल यौन शोषण पर रोकथाम करने का निर्णय लिया गया। उपस्थित सभी सदस्यों के साथ चर्चा-परिचर्चा कर सर्वसम्मति से नियमावली तैयार की गयी।



बाल विवाह मुक्त ग्राम बनाने का संकल्प लेते लोग।

**क्या हुआ निर्णय**

- गांव का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा।
- गांव के सभी बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराया जायेगा।
- गांव में किसी भी बच्चे से मजदूरी का काम नहीं कराया जायेगा।
- साथ ही उचित सहायता के लिए संबंधित विभाग से जोड़ा जायेगा।
- गांव में किसी भी लड़की की शादी 18 और लडका की शादी 21 वर्ष से पहले नहीं की जायेगी।
- यौन शोषण से रोका जायेगा।
- नियमों का उल्लंघन किये जाने पर संबंधित व्यक्ति या परिवार को भारतीय संविधान के नियम अनुसार कार्रवाई की जायेगी।
- साथ ही ग्राम प्रधान द्वारा सभी नियमों को शक्ति के साथ पूरे गांव में लागू किया जायेगा।

# बसिया के युवा व्यवसायी की रांची में सड़क दुर्घटना में मौत

## मां ने जमीन विवाद में बेटे की हत्या की जतायी थी आशंका

■ कुछ दिन पूर्व ही हुई थी मारपीट की घटना, उसके बाद हुई दुर्घटना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बसिया।** थाना क्षेत्र के कोनबीर निवासी युवा व्यवसायी विकास साहू की रांची के चुटिया में सड़क दुर्घटना में हुई मौत के बाद कोनबीर सहित पूरे प्रखंड क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। इधर विकास की सड़क दुर्घटना में मौत के बाद उसकी मां प्रभावती देव ने जमीन विवाद के कारण बेटे की हत्या करवाने की आशंका जतायी है। दरअसल एक हफ्ते पूर्व ही जमीन विवाद को लेकर विवाद के बाद मार पिट भी हुई थी। इस मामले में मृतक विकास साहू की माँ प्रभावती देवी ने बसिया थाने में मामला दर्ज कराया था। जिसके बाद बसिया पुलिस ने बजरंग साहू एवं सुमित झोरा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस घटना के महज कुछ ही दिन बाद विकास की सड़क दुर्घटना में मौत होने के कारण लोगों के मन में कई सवाल खड़े हो रहे हैं। विकास कि मां ने कहा कि घरेलु जमीनी विवाद के कारण मुझे और मेरे बेटों को कई बार मार पिट और जान से मारने कि भी धमकी दी गयी थीं। उसने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने का अनुरोध किया।



घटना की सूचना पर बसिया में जुटी लोगों की भीड़ और मृतक (इनसेट)।

# अब लीजिये... सदर अस्पताल में ऑपरेशन के बाद पेट में छूटा कपड़ा, महिला की तबीयत बिगड़ी

■ डालसा प्रतिनिधि अनिता यादव से लगायी फरियाद फिलहाल रिम्स में है भर्ती

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** सदर अस्पताल लोहरदगा के मसमानो की कौशल्या देवी का ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के बाद कपड़े का टुकड़ा पेट में ही छोड़ दिया गया। इसकी जानकारी 4 माह बाद पेट के सिटी स्कैन से हुई। इन चार महीनों तक महिला असहनीय दर्द से परेशान रही। ज्ञात हो कि 26 जून को कौशल्या को ऑपरेशन के लिए एडमिट किया गया था। वहीं ऑपरेशन के बाद यह बड़ी चूक हुई। यह लापरवाही मानवीय जीवन के साथ खिलवाड़ जैसा हुआ है।



**चार महीने दर्द से कराहती रही कौशल्या :** ऑपरेशन के कुछ घंटों के बाद दर्द होने पर महिला डॉक्टर से मिली, जहां उसे दर्द की दवाइयां दी गयीं। लेकिन दर्द लगातार बढ़ता रहा। महिला अन्य डॉक्टर के पास भी पेट दर्द की समस्या बतायी, लेकिन समस्या कम नहीं हुई। अन्य दूसरे डॉक्टर के पास इलाज के दौरान पेट का सिटी स्कैन कर बताया गया कि पेट में कपड़े का टुकड़ा छूट गया है। यह सुनते ही महिला और उसके परिवार वाले सदमे में आ गये। इस बीच महिला की स्थिति बिगड़ने पर उसे रिम्स लाया गया। जहां रिम्स में सिविल कोर्ट रांची डालसा के लीगल एड में पदस्थापित डालसा प्रतिनिधि अनिता यादव से इलाज की फरियाद परिजनों ने लगाया है। डालसा प्रतिनिधि अनिता यादव ने पीड़ित महिला को रिम्स में डॉ प्रो मीना मेहता की यूनिट में भर्ती करा कर इलाज में मदद कर रही है। महिला ने डालसा सचिव को आवेदन के माध्यम से न्याय की गुहार लगायी है। इधर, महिला के परिजन रिम्स में काफी उम्मीद से पहुंचे हैं।

### ध्वजारोहण पूजन का हुआ आयोजन



**लोहरदगा।** सदर प्रखंड के भक्सो गांव स्थित मंदिर में क्षेत्र में अमन शांति को लेकर बुधवार को ध्वजारोहन का पूजन कर पंचदेव ध्वज लगाया गया। यज्ञकर्ता पूजन जगताचार्य स्वामी अर्जुनानंद भारती ने पूजन कार्य को संपन्न कराया। याज्ञिक भोलू पांडे शनि मंदिर मैनाबगीचा ने पूजन किया। जिसमें भक्सो मंदिर समिति के अध्यक्ष रमेश राम, सचिव दीपक साहू, उपाध्यक्ष मदन महली, सह सचिव अमित लोहरा, विनोद महली, कोषाध्यक्ष सतीश महली, नितेश महली, मीडिया प्रभारी उदय कुमार साहू, समिति संरक्षक शंभू सिंह, प्रदीप साहू, सीताराम साहू इत्यादी मौजूद थे। साथ ही अगली बैठक 01 दिसंबर को दिन के 11 बजे मंदिर प्रांगण में रखी गयी है।

### किसानों के बीच सरसों के बीज का वितरण



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के भड़गांव पंचायत के सरनाटोली ग्राम में बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत किसानों के बीच 2-2 किलोग्राम सरसों बीज का वितरण किया गया। प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष राजकिशोर राम की मौजूदगी में जिला कृषि कार्यालय आत्मा ने गांव के सूर्यकांत उरांव, उदय उरांव, नेहा देवी, बिरसा उरांव, रामवृत उरांव, संदीप उरांव, मोहन उरांव, उमेश उरांव, महेंद्र उरांव, निकेश उरांव, प्रदीप उरांव, मनोज उरांव सहित अन्य 12 किसानों के बीच रवि फसल के माध्यम से कम बारिश में तेलहन खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बिरसा फसल विस्तार योजना के माध्यम से बीज बांटा गया। वहीं बीस सूत्री उपाध्यक्ष राजकिशोर राम ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्र के किसानों के लिये विभिन्न तरह की योजनाएं चला रही है। उसी क्रम में बुधवार को सरनाटोली में किसानों के बीच सरसों बीज वितरण किया जा रहा है। जिसे किसान तेलहन खेती कर अच्छी पैदावार कर सकते हैं और अपनी आय में वृद्धि कर समृद्ध हो सकते हैं। मौके पर तकनीकी प्रबंधक सुमन कुमार, झामुमो पूर्व प्रखंड अध्यक्ष केश्वर उरांव, कृषक मित्र रवींद्र उरांव सहित अन्य किसान उपस्थित थे।

## सर्विस समूह ने किया गरीबों के बीच गर्म वस्त्र का वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** परमपूज्य अघोरेश्वर महाप्रभु के महानिर्वाण दिवस पर स्थानीय श्री सर्वेश्वरी समूह प्रार्थना गृह के प्रांगण में विभिन्न कार्यक्रम किये गये। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः नौ बजे सफलयोनी पाठ व पूजन आरती से हुई। तत्पश्चात अपराह्न में समूह के सदस्यों ने नगर के जरूरतमंदों के बीच कड़ाके की ठंड को देख वस्त्र बांटे। शाम में अघोरान्ना परोमंत्र सामूहिक संकीर्तन एवं संध्या आरती के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया। मौके पर समूह की गुमला शाखा के उपाध्यक्ष अजय प्रसाद, मंत्री विपिन सिन्हा, आचार्य भोलानाथ दास, अभय गुप्ता, आश्रम कुमार, संजय महापात्र, सुबोध दास, सुरेंद्र सिंह, मोहन गोप, सोहन लाल, श्यामा कांत मिश्र, सुदन सिंह, जितेंद्र गौड़, अंजय सिन्हा, विजय केसरी, पंकज कुमार, सागर खड़िया, अनिल केसरी, शंकर सिंह आदि भी थे।

## जय श्री राम समिति की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** जय श्री राम समिति की बैठक राणा चौक स्थित अग्रसेन भवन में जिला महामंत्री प्रदीप साहू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पूर्व विधायक सह मुख्य संरक्षक रमेश उरांव उपस्थित हुए। बैठक में संगठन विस्तार को लेकर खास चर्चा हुई। जिसमें कैरो एवं भंडरा प्रखंड के सैकड़ों लोगों ने समिति की सदस्यता ली। इस बीच जिला एवं नगर पदाधिकारी की उपस्थिति में कैरो प्रखंड के नगजुआ एवं बसरी तथा भंडरा प्रखंड के बरवा टोली में समिति गठित की गयी। जो सर्वसम्मति से नगजुआ अध्यक्ष मनीष साहू, बसरी अध्यक्ष नितेश सिंह एवं भंडरा प्रखंड के बरवाटोली अध्यक्ष सूरज ठाकुर को बनाया गया। साथ ही कमेटी का विस्तार किया गया। मुख्य संरक्षक रमेश उरांव ने कहा संगठन की बढ़ती लोकप्रियता से प्रभावित होकर सैकड़ों लोगों का जुडाव होना संगठन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है।

# सढ़ाबे में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उमड़ा जनसैलाब

■ सबसे ज्यादा लोग अबुआ आवास के आवेदन जमा करने पहुंचे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कैरो।** प्रखंड क्षेत्र के सढ़ाबे पंचायत के अमर शहीद हलधर गिरधर फुटबॉल मैदान में बुधवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्षा रीना कुमारी उपस्थित हुई। मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। जिसके बाद बारी बारी से विभागवार अपनी अपनी विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का जानकारी देते हुए लाभ लेने के बारे में बताया गया। मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्षा रीना कुमारी ने कहा कि आज के समय मे प्रखंड कार्यलय जो जा नहीं पाते हैं ऐसे लोगों को ध्यान में रखकर सरकार द्वारा प्रखण्ड स्तर के सभी विभाग व अधिकारियों को आपके गांव में लेकर आई है ताकि आपकी जरूरत की हर योजना व आवस्यकता को यहीं एक ही मंच में समाधान की जा सके। उन्होंने कहा कि आज के समय में शिक्षा के बिना आज हमारा समाज अधूरा है, जबतक अपने बच्चों को हम शिक्षा नहीं देंगे तबतक आगे नहीं बढ़ सकते। हर बच्चों को अच्छी शिक्षा दें ताकि अच्छी नौकरी, व्यवसाय मिल सके व आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके। इस कार्यक्रम में लगे स्टोल से ज्यादा से ज्यादा ग्रामीण इसका लाभ उठाएं चूंकि झारखंड में मूल रुप से कृषि के माध्यम से जीविका चलाते हैं आपको भी सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधा का लाभ उठाएं। जिला परिषद अध्यक्ष ने कड़ा रुख में कहा कि आज भी जात्ति, आय प्रमाण पत्र के लिए मेरे कार्यालय तक जाते हैं यह दुर्भाग्यपूर्ण मामला है। अभी भी प्रखंड स्तर पर कई विभाग के अधिकारी काम के प्रति लापरवाही बरतते हैं जो कि



लाभुकों को जानकारी देते जिप अध्यक्ष।

# उपायुक्त ने किया रायडीह प्रखंड के परसा पंचायत में लगे सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का निरीक्षण

■ शिविर में हुआ परिसंपत्ति का वितरण, लिये गये नये आवेदन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** जिले भर में संचालित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के विभिन्न प्रखंडों में शिविर लगाया गया। कामडारा प्रखंड के कोनसा पंचायत, चैनपुर के बेंदोरा पंचायत, विशुनपुर के निरासि पंचायत, गुमला के वृंदा पंचायत, रायडीह के परसा पंचायत एवं नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड 03 तथा 06 में सरकार शिविर लगे। इस दौरान उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने रायडीह प्रखंड के परसा पंचायत का औचक निरीक्षण किया। उपायुक्त ने सभी स्टॉल्स को देखा वहां बैठे कर्मियों से कार्यक्रम के दौरान उनके कार्यों की जानकारी ली। साथ ही इस दौरान लाभुकों के बीच परिसंपत्ति भी बांटी गयी।



शिविर में पहुंचे वृद्ध महिलाओं से चर्चा करते उपायुक्त।

**खास बातें :** परसा पंचायत में कुल 120 कंबल का वितरण किया गया, वहीं 700 से अधिक पौधों का वितरण किया गया, लगभग 200 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया। वहीं 30 से अधिक लोगों का ऑन द स्पॉट जॉब कार्ड बनवाया गया, अबुआ आवास योजना के तहत लगभग 350 आवेदन प्राप्त किये गये, 80 लाभुको का ऑन द स्पॉट आयुष्मान कार्ड के लिए रजिस्ट्रेशन किया गया, पशुपालन विभाग की ओर से 40 से अधिक लाभुको के बीच पशु दवा का वितरण किया गया, 8 लाभुकों को ऑन द स्पॉट पेंशन स्वीकृति प्रमाण पत्र दिया गया, 43 छात्र छात्राओं को साइकिल क्रय हेतु चेक का वितरण किया गया, बिरसा मुंडा सिंचाई कप के तहत 5 को स्वीकृति प्रमाण पत्र दिया गया, इसके अलावा जाति प्रमाण पत्र, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र आदि से संबंधित आवेदनों को प्राप्त कर ऑन द स्पॉट कार्य रजिस्ट्रेशन का कार्य किया गया।

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत अमरवाडीह मे विकास शिविर का किया गया आयोजन

# विधायक बैद्यनाथ राम दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड के सबसे अंतिम छोर वाले पंचायत अमरवाडीह के फुलबसिया मध्य विधालय परिसर में बुधवार को मुखिया सुशीला देवी की अध्यक्षता में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विकास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, बीससुत्री अध्यक्ष राजेन्द्र गंझु, जिला परिषद सदस्य रमेश राम, राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि रिगन कुमार, बीडीओ प्रतिमा कुमारी, सीओ नन्द कुमार राम, मुखिया सुशिला देवी, पंसस सवित्री देवी, टोंटी पंसस मो. होजैफा, शिबला मुखिया सुरेश उरांव, सदस्य भुनेश्वर यादव, बीपीओ रवि यादव ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने शिविर मे उपस्थित सभी अतिथियों का परिचय करा विषय प्रवेश कराया। वहीं मुख्य अतिथि विधायक राम ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा की राज्य सरकार गरीबों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं। जिसका लाभ जन-जन तक देने के लिए राज्य के सभी पंचायतों में शिविर लगाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज आपके द्वार अमरवाडीह के फूलबसिया में शिविर लगाया गया है। झारखंड सरकार द्वारा चलाया गया। अबुआ आवास, गुरूजी स्टुडेंट्स क्रेडिट कार्ड, पेंशन, स्वास्थ्य, भुमि संबंधित, बिजली, राशनकार्ड, पशुधन, आयुषमान, शिक्षा, आधार, प्रवासी मजदूर का रजिस्ट्रेशन, पहचान पत्र, नरेगा, 15 वीं वित्त, जेएसएलपिएस, कौशल विकास, बाल विकास सहित कई कल्याणकारी योजनाओं का स्टॉल सभी विभागों द्वारा लगाया गया है। सभी विभाग के संबंधित अधिकारी मौजूद हैं आप अपनी समस्या को लेकर संबंधित स्टॉल में आवेदन करें। तुरंत निष्पादन किया जायेगा। वहीं राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि रिगन कुमार, जिप सदस्य रमेश राम, बीससूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गँझू, प्रमुख उर्मिला देवी, सीओ नन्द कुमार राम ने भी आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार के बारे में विसतृत जानकारी दीया। वहीं शिविर में कई योजना का वितरण किया गया। वहीं मंच का संचालन मो. शमीम ने किया। मौके पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी चंदन कुमार, सीआई अनिल होरो, पंचायत सेवक सेराफिनुस खलखो, अरविंद पांडेय, पीएम आवास कॉर्डिनेंटर शशि पूनम कुजूर, डॉ. नौशाद आलम, संदीप कुमार, बलराम कुमार, समाज सेवी नन्दु उरांव, प्रभु गंझु, महेंद्र उरांव, महेंद्र गंझु सहित कई प्रखंड, अंचल व पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थे।


योजना वितरण करते विधायक बैद्यनाथ राम।

## बालूमाथ में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के बसिया पंचायत स्थित पंचायत भवन परिसर में बुधवार आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्‌घाटन जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी, बालूमाथ बीडीओ सोमा उरांव, बालूमाथ अंचलाधिकारी तृप्ति विजय कुजूर, बालूमाथ झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर उरांव, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष नागदेव उरांव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। आयोजित शिविर में विभिन्न समस्याओं एवं आवेदन को लेकर सैकड़ो ग्रामीण पहुंचे। जहां शिविर में लगे मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता, मुख्यमंत्री सारथी योजना, अबूआ आवास, सावित्रीबाई फुले योजना, महिला एवं बाल विकास, कृषि एवं पशुपालन, मनरेगा राजस्व, शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन कार्ड रोजगार कार्ड, श्रमिक कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पेंशन का स्टॉल लगाया गया था। जिसमें सैकड़ो लोगों ने आवेदन जमा किया। जिसमें से कुछ आवेदन का त्वरित निपटारा कर दिया गया एवं कुछ आवेदन को जांचों उपरांत निपटारा किया जाएगा। इसके अलावा मौके पर परिसंपत्तियों का भी वितरण किया गया। मौके पर जानकारी देते हुए बीडीओ सोमवार ने कहा कि सरकार द्वारा सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लोगो को लाभ देने के उद्देश्य से प्रत्येक पंचायत में सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। ताकि अधिक से अधिक लोग सरकारी योजनाओं का लाभ ले सके। मौके पर सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।


बच्चों के बीच सामग्री वितरण करते जिप सदस्य।

## स्पीड न्यूज

### टेम्पू पलटने से यात्री घायल



**हेरहंज।** पांकी मुख्य मार्ग इनातू गांव के पास यात्री से भरा टेम्पू असन्तुलित होकर पलट गया। टेम्पू पलटने से कई यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों का इलाज हेरहंज के निजी नर्सिंगहोम कल्याण हॉस्पिटल में किया गया। घटना के बारे में बताया जाता है कि सुबह तरहसी थाना क्षेत्र से एक ही परिवार के महिला पुरुष माँ नगर मंदिर पूजा करने जा रहे थे। इसी बीच इनातू गाँव के समीप सड़क मे बने गढ्ढे के पास टेम्पू असन्तुलित होकर पलट गया जिससे कई यात्री चोटिल हो गए। बालूमाथ, हेरहंज, पांकी मुख्य मार्ग में कई जगहों पर सड़क में बड़े बड़े गढ्ढे बन गए है जिससे प्रतिदिन सड़क दुर्घटना हो रही है कई लोगो की जान तक चली गई है।

### मुखिया का दो दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ


प्रशिक्षण के दौरान मौजूद लोग।

**गारू।** प्रखंड सभागार में बुधवार को पंचायत राज विभाग के निदेशानुसार सबकी योजना सबका विकास अभियान के अंतर्गत त्रिस्तरीय पंचायतों को वित्तीय वर्ष 2024-25 के वार्षिक योजना के निर्माण हेतु जीपीडीपी-एलएसडीजी से संबंधित, विषय थीम के चयन से संबंधित क्षमता विकास हेतु दो दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ बीडीओ लातेहार एवं अन्य सम्मानित जनप्रतिनिधि द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया उसके पश्चात लातेहार जिले के पांच प्रखंड बरवाडीह, मनिका, सरयु, गारू एवं महुआडांड़ के सभी मुखिया का आपसी परिचय एक-दूसरे के साथ करते हुए प्रशिक्षण की दिशा को गति दिया गया एवं आगे के सत्र को बढ़ाया गया। जितेंद्र कुमार राम प्रखंड समन्वयक प्रखंड गारू, जिला लातेहार जिला से प्रतिनियुक्त मास्टर ट्रेनर उदय कुमार गुप्ता, प्रखंड समन्वयक प्रखंड महुआडांड जिला लातेहार, मंजीत कुमार सिंह प्रखंड समन्वयक ,बरवाडीह एवं मनोरमा टोप्पो प्रखंड समन्वयक प्रखंड-हेरहंज, जिला लातेहार द्वारा विस्तृत रूप से प्रशिक्षण के मुख्य मुख्य बिंदु को बताते हुए एवं सत्र के अनुरूप प्रशिक्षण दी जा रही है।

### बंध्याकरण के बाद महिलाओं को एंबुलेंस में भरकर भेजने का मामला, लोगो में रोष


एंबुलेंस से घर जाती महिला।

**चंदवा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में बंध्याकरण के बाद 8 महिलाओं व परिजनों को एक ही एंबुलेंस में भरकर घर भेजने का मामला प्रकाश में आया है। एंबुलेंस में वैसी महिलाएं जिनका ऑपरेशन किया गया था, उनके अलावे उनके परिजन एवं सहिया साथी को भी भरकर पशुओं की तरह भेज दिया गया। मामला मंगलवार बताया जा रहा है। बताते चले कि इन दिनों परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में बंध्याकरण एवं नसबंदी कार्यक्रम चल रहा है। मंगलवार को कुल पंद्रह बंध्याकरण किए गए थे। इनमें बारी, सोंस, बनहरदी आदि गांव की आठ महिलाएं शामिल थी। ऑपरेशन के बाद सबों को एक ही एंबुलेंस में भरकर घर भेजने की व्यवस्था अस्पताल प्रबंधन द्वारा कर दी गई। इससे ऑपरेशन की गई महिलाओं को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता था। इस संबंध में विभाग की अधिकरी ने माना कि इस मामले में चूक हुई है। ऑपरेशन की गई सभी महिलाओं की पुन: जांच मेडिकल टीम भेज कर की जा रही है।

# 28 टन चोरी का लोहा लदा ट्रक जप्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**


➲ जप्त लोहे की कीमत बाजार मूल्य लगभग 12 लाख

जब्त ट्रक।

**बालूमाथ।** बालूमाथ पुलिस ने बुधवार को झारिवा टोला स्थित स्क्रैप माफिया प्रदीप साव उर्फ पुटून साव के कबाड़ी दुकान में छापामारी कर अभिजीत ग्रुप से चोरी कर लाया गया। लगभग 28 टन चोरी का लोहा लदा ट्रक जेएच05 एएफ 2168 को जप्त कर लिया है। पुलिस ने बताया कि पलामू प्रमंडल प्रक्षेत्र के आईजी राजकुमार लकड़ा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। बताया जाता है कि अभिजीत ग्रुप से चोरी का लोहा लाकर प्रदीप साहू के कबाड़ी दुकान में ट्रकों को लोड कर अन्यत्र भेजा जा रहा था। जिसकी सूचना आईजी पलामू को मिलने के बाद उनके निर्देश पर एस आई राहुल कुमार, ए एस आई संजय चौधरी दलबल के साथ कबाड़ी दुकान पहुंचे जहां भारी मात्रा में चोरी का लोहा देखकर पुलिस भी भौचक रह गया। वहीं लगभग एक ट्रक में 28 टन चोरी का लोहा लादा जा चुका था। सूत्रों के अनुसार जप्त की गई लोहा की बाजार मूल्य लगभग 12 लाख रुपए बताइ जाती है। प्रदीप साहू के कबाड़ी दुकान में समाचार लिखे जाने तक भारी मात्रा में चोरी का लोहा पड़ा हुआ था। पुलिस ने कबड्डी दुकानदार प्रदीप साव को हिरासत में ले लिया है। ज्ञात हो कि प्रदीप साव बालूमाथ का स्क्रैप माफिया बना हुआ है वह दिनदहाड़े अभिजीत ग्रुप का लोहा चोरी करा कर मंगवाता है और अन्यत्र मंडी में भेज कर काली कमाई करता है और इसका जब भी कोई विरोध किया तो हाईवे चढ़ाने की धमकी देता था। सूत्रों की माने तो पिछले तीन वर्षों में ही प्रदीप साव अवैध कारोबार कर करोड़ों रुपए की अवैध संपत्ति की काली कमाई कर चुकी है जो जांच का विषय है। इस संबंध में थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार के मोबाईल पर पक्ष लेने का प्रयास किया गया लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाया। वहीं सर्किल इंस्पेक्टर शशि रंजन कुमार ने कहा कि मैं अभी लातेहार कोर्ट में हूं आने के बाद ही कुछ कह पाऊंगा। जबकि छापामारी दल में शामिल पुअनी संजय चौधरी ने कहा कि वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर छापामारी कर लोहा लदा ट्रक पकड़ा गया हैं। विशेष उन्हीं के द्वारा बताया जाएगा।

## मनरेगा द्वारा लगाए गए आम एवं महुगुनी के पौधे को किया गया नष्ट दिया आवेदन


नष्ट किया गया पौधा।

**लातेहार।** थाना क्षेत्र के डेमू पंचायत के ग्राम सेमरी निवासी संदीप प्रसाद पिता शिवा साव ने थाना में आवेदन दिया है। आवेदन में बताया है कि अपने जमीन प्लॉट नंबर 520 में मनरेगा द्वारा 200 आम एवं महुगुनी के पौधे लगाया था। मैं सोमवार की संध्या 7:00 बजे अपने खेत के तरफ शौच करने गया तो देखा की लक्ष्मी साहू पिता स्वर्गीय बिहारी साव, विलास साव पिता स्वर्गीय हरिहर साव, जयवीर प्रसाद पिता स्वर्गीय बिहार साव, विनोद प्रसाद पिता स्वर्गीय प्रसाद साव, उत्तम कुमार पिता राम सकल प्रसाद ग्राम सेमरी निवासी मेरे मनरेगा द्वारा लगाए गए पौधों को नष्ट कर रहे थे। सभी आम एवं महुगुनी के पौधे को तोड़कर एवं कबाड़ कर फेंक रहे थे। मेरे द्वारा हल्ला करने पर सभी लोग भागने लगे। इन लोगों ने पौधा लगाते समय धमकी दिया था कि सारे पौधे को नष्ट कर देंगे। जिसमें 20 हजार का नुकसान हुआ है। भागते हुए लोगों को सीताराम साव, आनंद प्रसाद एवं अशोक प्रसाद ने देखा। प्रशासन से गुहार लगाया कि इन लोगों पर उचित कानूनी कार्रवाई किया जाए।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विशेष शिविर का किया गया आयोजन


मौके पर उपस्थित मंचासिन अतिथि।

**महुआडांड़।** राज्य सरकार द्वारा आयोजित आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत महुआडांड़ प्रखंड मुख्यालय स्थित अम्बवाटोली पंचायत भवन में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिला परिषद सदस्य स्तेला नगेसिया, अनुमंडल पदाधिकारी विपिन कुमार दुबे, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग, अंचल पदाधिकारी संतोष कुमार बैठा, के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। आयोजित शिविर में विभिन्न समस्याओं एवं आवेदन लेकर सैकड़ो लोग पहुंचे। जहां शिविर में लगे मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता, मुख्यमंत्री सारथी योजना, अबुआ आवास, सावित्रीबाई फुले योजना, महिला एवं बाल विकास, कृषि एवं पशुपालन, मनरेगा, राजस्व, शिक्षा समेत अन्य विभागों के स्टाल में अपने-अपनी जरूरत के अनुसार लोगों ने कार्ड, राशन कार्ड, रोजगार कार्ड, श्रमिक कार्ड, आधार कार्ड इत्यादि की सेवाएं भी ग्रामीणों को स्टोल लगाकर प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान बुआ आवास के लिए सर्वाधिक 364 आवेदन प्राप्त किए गए, वहीं जाति स्थानीय आय के 25 आधार कार्ड हेतु 17 मुख्यमंत्री सारथी योजना12, आयुष्मान कार्ड 30 समेत अन्य योजनाओं के लिए आवेदन प्राप्त किए गए। इस कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य स्तेला नगेसिया, अनुमंडल पदाधिकारी विपिन कुमार दुबे, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग, अंचल पदाधिकारी संतोष कुमार बैठा, शिक्षा पदाधिकारी घनश्याम चौबे, प्रमुख, उप प्रमुख, मुखिया, प्रखंड के विभिन्न विभागों के कर्मी समेत सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में उमड़ी भीड़


लाभुक को स्वीकृति पत्र देते बीडीओ व अन्य।

**बेतला।** बरवाडीह प्रखंड के बेतला पंचायत सचिवालय में झारखंड सरकार के द्वारा संचालित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़, संस्कृतिक गीत के साथ अधिकारियों और गणमान्य लोगों को स्वागत किया गया। लातेहार उपायुक्त के निर्देश पर बरवाडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय के नेतृत्व में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को बीडीओ और मंच में उपस्थित गणमान्य लोगों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। बरवाडीह प्रखंड के सभी तरह के विकास कार्य के अधिकारी बेतला पंचायत परिसर में स्टोल लगाकर ग्रामीणों को समस्या सुनने के साथ-साथ कई समस्या का निदान किया गया। अबुआ आवास में 476 आवेदन प्राप्त हुआ। वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, राशन कार्ड, जॉब कार्ड, कृषि लोन, मुख्यमंत्री पशुधन विकास, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, वन विभाग, और ऑनलाइन संबंधित स्टॉल लगाकर जन समस्याओं का निराकरण करने के लिए पदाधिकारी मौजूद रहे। मंच में उपस्थित विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, बरवाडीह प्रखंड बिस सूत्री अध्यक्ष- नसीम अंसारी, बेतला पंचायत मुखिया-मंजु देवी, मुखिया प्रतिनिधि संजय सिंह, पंचायत समिति सदस्य-प्रतिमा देवी, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि-विनोद यादव समेत प्रखंड व अंचल के रोजगार सेवक, पंचायत सेवक, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर जन सेवा हल्का कर्मचारी समेत सभी विभागों के कर्मी मौजूद थे।

## राजद ने किया कार्यकर्ता मिलन समारोह


मिलन समारोह में शामिल राजद कार्यकर्ता।

➲ आगामी लोकसभा और विधानसभा में राजद मजबूती के साथ उभर कर आयेगा: रामप्रवेश यादव

**लातेहार।** मनिका प्रखंड के कुमाण्डी रोड स्थित टावर के पास मैदान में राष्ट्रीय जनता दल प्रखंड कमेटी मनिका के तत्वाधान में कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय जनता दल जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव उपस्थित रहे। वही कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय जनता दल के किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद यादव ने किया मौके पर उपस्थित जिला अध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि वर्तमान की केंद्र सरकार जनता को छलने का कार्य कर रही है। मोदी सरकार सिर्फ झूठ के पुलिंदों पर चल रही है। आगामी लोकसभा चुनाव में जनता मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगी। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गिरजानंदन सिंह उर्फी गिरी जी ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल का चतरा लोक सभा शहित पूरे पलामू प्रमंडल में कबजा रहा है। वही कार्यक्रम को प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मण यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय जनता दल के सभी कार्यकर्ता तन मन से मेहनत करें आने वाला समय राजद का होगा। मौके पर जिला प्रभारी रामनाथ चंद्रवंशी, रघुपाल सिंह, बाली प्रसाद यादव, देवांश यादव,दीपक नाथ शाहदेव, ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। वहीं भाजपा छोड़कर दर्जनों कार्यकर्ता राष्ट्रीय जनता दल में सदस्य ग्रहण कीये। मौके पर जिला उपाध्यक्ष रणजीत यादव, पवन कुमार इरफान अंसारी अजीत श्रीवास्तव, रामसेवक उरांव रुपेश यादव दामोदर यादव सुरेश सिंह भारदुल सिंह सुदेश्वर सिंह अर्जुन यादव राजेश्वर यादव समेत कई लोगों उपस्थित थे।

## एक नजर में

### आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन


विकास शिविर का उद्‌घाटन करते जिप सदस्य व अन्य।

**सरयू।** नवनिर्मित सरयू प्रखंड के गनेशपुर पंचायत भवन के प्रांगण में बुधवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्‌घाटन प्रखंड के जिप सदस्य बुधेश्वर उरांव, प्रमुख अमिता देवी, उप प्रमुख सुनील उरांव, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विजय कुमार पासवान, मुखिया राजेश सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वही कार्यक्रम को संबोधित करते जिप सदस्य बुधेश्वर उरांव ने कहा की सरकार के महत्वकांक्षी योजना हर जरूरतमंद लोगों तक पहुंचा है। जिसको लेकर आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में अबुआ आवास योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, पशुपालन योजना, खाद्य सुरक्षा योजना, सोना सोबरन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, सर्वजन पेंशन योजना, मनरेगा योजना समेत अन्य योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक लोगों की जानकारी दिया गया। वहीं विभिन्न प्रकार की समस्याओं के लिए अलग अलग स्टॉल लगाकर आवेदन के माध्यम से लोगो की समस्या सुना गया। इस मौके पर दर्जनों जरूरतमंद लोगों के बीच कम्बल, जॉब कार्ड, मृत्यु प्रमाण पत्र, और धोती साड़ी का वितरण किया गया। मौके पर डाक्टर मिरा कुमारी, सीडीपीओ, पंचायत सचिव तिलक बैठा, जितेंद्र कुमार पाठक, अनुप कुमारी, रोजगार सेवक नईम खान, धनदेव सिंह, लालमुनि तिवारी, ऑपरेटर मुकेश कुमार, सिद्धार्थ कुमार समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### टीबी रोग से बचाव के प्रति छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक


जानकारी देते पदाधिकारी।

**चंदवा।** प्रखंड के अंतर्गत कस्तूरबा गांधी स्कूल चंदवा में जिला यक्ष्मा पदाधिकारी लातेहार के निदेर्शानुसार टीवी रोग से बचाव के प्रति छात्राओं को जागरूक किया गया। टीबी बीमारी को लेकर जागरुक करते हुए टीबी बीमारी किस तरह से लोगों को संक्रमण करता है। इस बीमारी से कैसे बचे इन सभी बातों को लेकर पिरामल स्वास्थ्य के कर्मियों के द्वारा जागरूक किया गया। टीबी रोग से कैसे बचे कहां जांच कराये और इसका कहां से दवाई कराये। क्या है टीबी से बचाव का इलाज टीबी रोग से बचाव करने का सबसे पहला सिद्धांत जागरूकता है। टीबी रोगी को अपने स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए पौष्टिक आहार आवश्यकता रूप से लगातार लेना होगा। रोगी बंद कमरे में ना रहे। जबकि नमी वाली जगह पर रहने से परहेज करें। सरकार के द्वारा दी जाने वाली सुविधा के बारे में जानकारी दी गई जैसे की निक्ष्य पोषण योजना आदि की जानकारी दी गई। बच्चों को जानकारी देते हुए कहा गया कि आप गांव के पास पड़ोस में किसी व्यक्ति को दो सप्ताह से खांसी बुखार, भूख ना लगना, वजन का घटना इस तरह के लक्षण किसी को हो तो अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भेजें ताकि अपने गांव पंचायत को टीबी रोग से मुक्त करने में सहयोग प्रदान करें। मौके पर कार्यक्रम में टी वी बिभाग के डी पी सी निशांत एस टी एस चंदवा सुकरीता कुमारी, पिरामल स्वास्थ्य के पी एल सोमेन साहू, डी पी सी मोहम्मद साबिर अंसारी, पी एल पवन मिश्रा, गांधी फेलो स्नेहा सोनकर एवं स्कूल के प्राचार्य समेत -छात्रा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### लातेहार में कल रात डाउन ट्रेक के इलेक्ट्रिक केबल टूटने से ट्रेन परिचालन रहा बाधित

**लातेहार।** स्टेशन के समीप डाउन ट्रेक में रात के 11 बजे ट्रेन संख्या 18309 संबलपुर जम्मूतवी सुपरफास्ट के ऊपर इलेक्ट्रिक केबल टूट कर गिर गयी। लाइन कट जाने से ट्रेन और यात्रियों को कुछ नुकसान तो नहीं हुआ, लेकिन वहां कुछ देर के लिए अफरा तफरी मच गई। लाइन मैन और आरपीएफ ने मौके पर मदद और राहत कार्य संभाला। दो घंटे तक यह ट्रेन यहीं खड़ी रही। बरवाडीह से डीजल इंजन मंगा कर 1 बजे रात में ट्रेन को रवाना किया गया। डाउन ट्रेक में दो घंटे तक ट्रेनों का परिचालन बाधित रहा। बता दें कि कुछ दिन पहले नई इलेक्ट्रिक केबल लगाने का काम हुआ था।

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत चकला में लगा विकास शिविर

➲ जेएमएम जिलाध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने दी हेमंत सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं की जानकारी

➲ विभिन्न योजनाओं के दर्जनों लाभुकों के बीच किया स्वीकृति पत्र, चेक, कंबल व धोती-साड़ी का वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** हेमंत सरकार द्वारा चलायी जा रही आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बुधवार को चंदवा प्रखंड के चकला पंचायत सचिवालय में विकास शिविर लगा। शिविर का उद्‌घाटन बतौर मुख्य अतिथि झामुमो जिलाध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव, एलआरडीसी उदय कुमार, सीओ जयशंकर पाठक, बीडीओ विजय कुमार, मुखिया रंजीता एक्का व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्‌घाटन के उपरांत झामुमो जिलाध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव, एलआरडीसी व अतिथियों ने सावित्री भाई फूले किशोरी समृद्धि योजना, साइकल वितरण योजना, पेंशन समेत विभिन्न योजनाओं के लाभुकों को स्वीकृति पत्र व चेक भी प्रदान किया, साथ ही पंचायत के दर्जनों गरीब, असहाय जरूरतमंदों के बीच कम्बल, धोती-साड़ी का वितरण किया। शिविर में हेमंत सरकार के द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए झामुमो जिलाध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने कहा कि चुनाव के समय जनता से किया हर एक वायदे को हेमंत सरकार पूरा करने का काम कर रही है। राज्य के हर जरूरतमंद का अपना पक्का घर हो इस उद्देश्य से राज्य की हेमंत सरकार के द्वारा अबुआ आवास आवास योजना लायी गयी है। प्रशासन व जनप्रतिनिधि प्रत्येक योग्य लाभुकों तक इसका लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें। आगे कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दूरगामी सोच का ही परिणाम है कि आज संचालित योजनाओं का लाभ ग्रामीणों तक पहुंचाने के उद्देश्य के साथ सरकार व प्रशासन आपके गांव आयी है। ग्रामीण आगे आकर शिविर के माध्यम से संचालित विकास योजनाओं का उठाएं।


विकास शिविर में उपस्थित मंचासिन अतिथि।

### एलआरडीसी व बीडीओ, सीओ ने दी संचालित विकास योजनाओं की जानकारी

वहीं एलआरडीसी उदय कुमार, बीडीओ विजय कुमार व सीओ जयशंकर पाठक ने आमजनों के बीच संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की व योजनाओं का लाभ उठाने की अपील भी की। वहीं शिविर में प्रशासन के द्वारा प्रमाण पत्र, अबुआ आवास, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग समेत कई अन्य विभागों के द्वारा स्टाल लगाए गए थे। स्टाल के माध्यम से लोगों ने योजनाओं की जानकारी ली लाभ को लेकर आवेदन भी दिया। शिविर का संचालन बीडीओ विजय कुमार ने किया। मौके पर बीस सूत्री प्रखण्ड अध्यक्ष सुरेश गंझू, दीपू सिन्हा, मो. इजहार, डब्लू प्रजापति, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष असगर खान, बीपीओ रतन शाहदेव, कृषि पदाधिकारी रामनाथ यादव, सीआई ऋषिदेव कमल, पंचायती राज पदाधिकारी रितेश कुमार, कर्मचारी, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, संख्यायिकी पदाधिकारी शिशिर बारला, रोहित मेहता समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों मौजूद थे।

